दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। सोमवार 22 दिसम्बर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 363 पेज-09 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# 'विकसित भारत : जी राम जी' विधेयक बना कानून, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

बता दें, इस बिल पर देत रात तक संसद में चर्चा चली थी। इस मामले में विपक्ष का कहना था कि सरकार जानबूझकर मनरेगा का नाम बदल रही है, मनरेगा में महात्मा गांधी का भी नाम आता था, इसीलिए भाजपा इस नाम को हटाने के लिए ये बिल लाई। वहीं, सरकार का कहना था कि पहले की योजना में लोगों को 100 दिन का काम दिया जाता था। लेकिन अब इस कानून के तहत अब कम से कम 125 दिन काम देना आनिवार्य है।

इस बहस के दौरान ही कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था।

उन्होंने कहा था कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आएगी, तो वो इसका फिर नाम बदलेंगे। इन सब हंगामों के बीच इस बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था। हालांकि संसद में विपक्ष ने इस बिल का पुरजोर विरोध किया था। इतना ही नहीं, इसके बाद विपक्ष ने संविधान सदन के बाहर पूरी रात धरना भी दिया था।

इस कानून के मुताबिक अब पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन तक मजदूरी आधारित काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होगी। इसका सीधा उद्देश्य गांवों में रहने वाले श्रमिकों, किसानों और भूमिहीन परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देना है। सरकार का कहना है कि इससे गांवों में गरीबी कम होगी और लोगों को अपने ही क्षेत्र में काम मिलेगा।

# धारा 152 बीएनएसएस के तहत गाजियाबाद में अतिक्रमण पर व्यापक कार्रवाई, 12485 लोगों को दिया गया नोटिस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर को सुगम, सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 152 के अंतर्गत व्यापक अभियान चलाया गया। यह अभियान 1 अगस्त 2025 से 16 दिसंबर 2025 तक संचालित रहा, जिसके तहत सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध कब्जों के विरुद्ध सख़्त और विधिसम्मत कार्रवाई की गई।

पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर यातायात व्यवस्था, सुरक्षित सार्वजनिक स्थल और व्यवस्थित शहरी वातावरण उपलब्ध कराना रहा। अभियान के दौरान नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से विभिन्न थाना क्षेत्रों में संयुक्त कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों, चौराहों, बस स्टैंडों तथा संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई। सार्वजनिक सड़कों से अवैध ठेले, निर्माण सामग्री और अस्थायी कब्जे हटाए गए। स्कूलों, अस्पतालों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर पैदल यात्रियों के लिए मार्ग सुगम बनाए गए, जिससे यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस अधिकारियों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट की शक्तियाँ प्राप्त होने से धारा 152 बीएनएसएस के अंतर्गत त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकी है। साथ ही अभियान के दौरान जनजागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के साथ जनसंवाद कर अतिक्रमण न करने और सार्वजनिक स्थानों को मुक्त रखने का संदेश दिया गया।

### कार्रवाई का लेखा-जोखा

- कुल 12,485 व्यक्तियों को नोटिस जारी
- 4,497 प्रकरणों में अतिक्रमण हटाया गया
- कार्रवाई अवधि : 01 अगस्त 2025 से 16 दिसंबर 2025
- लागू प्रावधान : बीएनएसएस की धारा 152

### आमजन को हुए लाभ


- सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटने से सुरक्षा और सुविधा में वृद्धि
- मुख्य मार्गों पर यातायात हुआ अधिक सुचारु
- बाजारों में व्यापारिक गतिविधियाँ निर्बाध
- बस स्टैंडों और चौराहों पर यात्री सुविधाएँ बेहतर
- सरकारी भूमि और सामुदायिक स्थल जनहित कार्यों के लिए मुक्त

### आगे की कार्ययोजना

- अतिक्रमण की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नियमित निरीक्षण
- ड्रोन सर्वे और तकनीकी निगरानी को और सुदृढ़ किया जाएगा
- सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जे के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति जारी रहेगी

# क्या सीएम के टारगेट पर आ गयी है सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद

## लखनऊ वाली बैठक में एक बार नहीं कई बार लिया साहिबाबाद का नाम




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद है। एक ऐसी विधानसभा जहां से भाजपा को सबसे बड़ा जनादेश मिला है। यहां से विधायक सुनील शर्मा प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। यहां भगवा राजनीति पूरी तरह एक्टिव रहती है। लेकिन यहां सबसे बड़ा झटका एसआईआर अभियान में भाजपा को लगा। सबसे ज्यादा वोट भाजपा को देने वाली ये विधानसभा एसआईआर अभियान में पिछड़ गयी। ऐसा नहीं कि यहां कार्यकर्ताओं ने मेहनत नहीं की है। ऐसा भी नहीं कि विधायक की टीआरपी कहीं से भी कम है, ऐसा भी नहीं है कि वो खुद मैदान में उतरकर कमान ना संभालते हों। यहां जन राजनीति से लेककर कार्यकर्ता नेटवर्क तक विधायक सुनील शर्मा की कमान्डहै। इन सबके बावजूद जब वोटर लिस्ट को लेकर रिपोर्ट आयी तो एसआईआर अभियान में साहिबाबाद पिछड़ गया। विधायक सुनील शर्मा खुद मैदान में उतरे। सोशल मीडिया पर जनता से अपील की कि वो अपना फार्म जरूर भरें और उसे रिर्टन करें। उसके बाद वो कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने क लिए मैदान में आये। लेकिन एसआईआर अभियान यहां स्पीड नहीं पकड़ सका। अब इस विधानसभा की गूंज लखनऊ में सुनाई दी। लखऊ में जब एसआईआर अभियान की विशेष कार्यशाला हुई तो साहिबाबाद विधानसभा मुख्यमंत्री के टारगेट पर रही। सूत्र बताते हैं कि सीएम ने एसआईआर की धीमी गति का जिक्र करते हुए एक बार नहीं कई बार साहिबाबाद विधानसभा का नाम लिया। कार्यशाला में एक लिस्ट जब पढ़ी गयी तो उसमें भी साहिबाबाद का उल्लेख किया।

यहां सीएम ने एएसडी पर चर्चा की और कहा कि इस पर विशेष रूप से ध्यान दें। सबसे बड़ी यही रही कि मुख्यमंत्री के टारगेट पर साहिबाबाद विधानसभा रही।

जिस तरह से उन्होंने कई बार नाम लिया, वो इसी बात का प्रतीक है कि एसआईआर अभियान में अब उन्हें मुरादनगर , लोनी, मोदीनगर या शहर याद नहीं है और वो केवल अपना फोकस उस विधानसभा पर कर रहे हैं जो एसआईआर में मुख्यमंत्री की दृष्टि में कमजोर साबित हुई।

### विधायकों से लेकर संगठन अध्यक्षों को मिले हैं विशेष निर्देश

करंट क्राइम। रविवार को लखनऊ में एसआईआर अभियान को लेकर दूसरे फेस की कार्यशाला गठित हुई। उसमें बताया गया कि किस तरह से काम करना है। अभियान की तिथि पहले ही बढ़ चुकी है। पहले ये 26 तक थी फिर 4 दिसम्बर डेट हो गयी उसके बाद 11 दिसम्बर हुई और अब 31 दिसम्बर को सूचि का प्रथम प्रकाशन होना है। बैठक में प्रभारी तरूण चुग मौजूद थे। यूपी प्रभारी के लक्ष्मण मौजूद थे और इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। यहां पर साहिबाबाद विधानसभा का नाम कई बार लेने के बाद मुख्यमंत्री ने एएसडी पर विशेष रूप से फोकस करते हुए कहा कि संगठन इस पर ध्यान दे और यहां उन्होंने संगठन के साथ साथ सभी विधायकों को भी निर्देश दिये कि वो एसआईआर अभियान की प्रगति पर फोकस करें।

### लखनऊ बैठक में छाया रहा एसआईआर अभियान की प्रगति का विषय

करंट क्राइम। रविवार को लखनऊ में पहली बार प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एसआईआर कार्यशाला में शामिल हुए। वैसे तो यहां कई विषयों पर चिंतन मंथन हुआ। लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहां एसआईआर अभियान का विषय छाया रहा। बैठक में नीतिगत विषय पर चर्चा हुई। 2027 के चुनावी समर की तैयारी पर विचार विमर्श हुआ। नये प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पंकज चौधरी का सभी से औपचारिक परिचय हुआ। इस बैठक में 25 दिसम्बर को अटल जयंती पर बड़े कार्यक्रम करने पर सहमति बनी। गुरू गोविन्द सिंह के साहब जादों के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की बात हुई। लेकिन इस बैठक में मुख्य रूप से एसआईआर अभियान का मुद्दा छाया रहा। ये निर्देश दिये गये हैं कि 31 दिसम्बर को मतदाता सूचि का प्रथम प्रकाशन होगा। और इसके बाद इस डैमेज कंट्रोल के लिये यहां आपत्तियां लगानी हैं। ऑब्जैक्शन के माध्यम से ये बताना है कि किनकी वोट नहीं बनी हैं और जिन वोटों के बारे में जानकारी है कि वो गलत हैं लेकिन वो सूचि पर हैं उनकी भी आपत्ति दर्ज करानी है।

# मयंक गोयल की टीम में आने के लिए दावेदारों को अभी मार्च तक करना होगा वेट

## जिले और मंडल की पेंडिंग घोषणाओं के बाद ही होगा नयी टीम पर विचार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा भाजपा ने कर दी है और प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी घोषित हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को लखनऊ वाली बैठक में सभी से औपचारिक परिचय भी ले लिया। गाजियाबाद वाले कुछ चेहरे तो दिल्ली में जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई भी दे आये। अब इंतजार महानगर की टीम का हो रहा है। इंतजार में चार महामंत्री हैं, महानगर उपाध्यक्ष हैं, महानगर महामंत्री हैं। और कई अन्य चेहरे हैं। सभी ये मानकर चल रहे हैं कि साल की शुरूआत में शायद उन्हें नयी ताजपोशी की बधाई भी मिल जाये। सूत्र बताते हैं कि इंतजार अभी करना होगा। इंतजार की राहों में क्रिसमश से लेकर लोहड़ी का पर्व आयेगा औरहोली के आसपास ही खुशियों का रंग बिखरेगा। दैनिक करंट क्राइम ने पहले भी घोषित किया था कि ये इंतजार मधु मास से लेकर फागुन के मास तक हो सकता है। सूत्र बताते हैं कि ताजपोशी की राहों में तैक्निकल पेंच आ गया है। वो पेच ये है कि भले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा हो गयी हो, प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा हो गयी हो लेकिन अभी जिले की टीमें और मंडलों के अध्यक्ष घोषित होने बाकी है। वो बता रहे हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित होने के बाद प्रदेश की टीम घोषित होती है। और जब प्रदेश अध्यक्ष घोषित होते है और उनके बाद प्रदेशक ी टीम घोषित होती है तो उसी दिन क्षेत्रीय अध्यक्ष भी घोषित कर दिये जाते हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम उसी दिन घोषित करने के पीछे तकनीकी पहलू ये है कि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रदेश वाली टीम में एक पद पर पदेन सदस्य के रूप में है। लिहाजा क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम उसी दिन घोषित होगा और फिर उसके बाद क्षेत्रीय टीम की घोषणा होती है। क्षेत्रीय टीम का गठन होने के बाद फिर जिले और महानगर की टीमों का गठनहोता है। यहां तक सब ठीक है लेकिन यहां पर पेच ये फंस गया है कि अभी 16 जिलाध्यक्ष घोषित नहीं हैं और 32 मंडल अध्यक्ष घोषित होने हैं।

सहारनपुर, बागपत, शामली और अमरोहा में अभी जिलाध्यक्ष घोषित नहीं हुए हैं। ये चार जिले हैं और सूत्र बताते हैं कि खर मास में कोई घोषणा नहीं होगी। ऐसे में ये पूरा खर मास खाली जायेगा और फिर जब जिले से पहले प्रदेश घोषित होगा तो फरवरी तक ये पूरा मामला खिंच जायेगा। और इसके बाद घोषणाओं का क्रम जारी होगा। इस गणित के हिसाब से मार्च तक ही महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को टीम के चेहरे मिलेंगे। इसलिए इस बात की संभावना जताई जा रही है कि फागुन से पहले नामों की बहार वाली लिस्ट बाहर नहीं आने वाली है।

### मतदाता अभियान में नहीं आयेगा किसी नये चेहरे का नाम

करंट क्राइम। ताजपोशी की राह में अभी एसआईआर अभियान भी है। एसआईआर अभियान में अलग अलग टीमें लगी हुई हैं, क्षेत्र के पार्षद लगे हुए हैं। और विधायकों से लेकर सांसद भी अपनी टीमें लगा रहे हैं। महानगर अध्यक्ष अपनी टीमों के साथ लगे हुए हैं। ऐसे में नये संगठन की घोषणा से मामला डिस्टर्ब हो सकता है। जो चेहरे लगातार अभियान में लगे हैं अभी उन चेहरों को काम पर फोकस रखा जायेगा। एसआईआर अभियान में नयी टीम नहीं लगेगी और एसआईआर अभियान को देखें तो ये फरवरी तक आ जायेगा। क्योंकि पहले इसकी डेट चार दिसम्बर रखी गयी। फिर 11 दिसम्बर हुई और फिर 26 दिसम्बर हो गयी। 31 दिसम्बर को सूचि का प्रथम प्रकाशन होगा और उसके बाद फार्म 6 काकाम शुरू हो जायेगा। आपत्तियों का भी दौर शुरू होगा और यहां एक बार फिर कहानी मार्च तक खिंचती दिखाई दे रही है।

### अभी आना है कहानी में नोमिनेट वाली लिस्ट का भी ट्विस्ट

करंट क्राइम। ये पूरा खेल आयोजित है और यहां सब कुछ पहले से प्रायोजित है। दरअसल गेम ये है कि पार्टी अपने सभी कर्मठ चेहरों को संगठन से लेकर सरकार तक समायोजित करेगी। समायोजन का अपना गणित है और ये गणित संगठन की ताजपोशी को भी इफैक्ट कर रहा है। बताते हैं कि संगठन की घोषणा वाली लिस्ट में नामित पार्षदों वाली कहानी का भी ट्विस्ट है। कुछ चेहरे संगठन में स्थान पायेंगे और कुछ चेहरों को नामित वाली कृपा मिलेगी। सूत्र बताते हैं कि अभी तक नोमिनेट घोषित नहीं हुए हैं और नोमिनेट वाले नाम महानगर की तरफ से जायेंगे लेकिन इन नामों पर स्वीकृति सहमति की मोहर क्षेत्र और प्रदेश से लगनी है। सीधी सी बात ये है कि प्रदेश की नयी टीम और क्षेत्र के नये अध्यक्ष की इन नामों की सूचि का फाईनल करेंगे। कहानी फिर मार्च के महीने पर आ रही है। मुख्यमंत्री से लेकर प्रदेश अध्यक्ष दोनों ही एसआईआर को लेकर गम्भीर हैं और दो महीने तक कोई परिवर्तन नहीं दिखाई दे रहा है। नोमिनेट वाले सीन के बिना नयी टीम का सीन नहीं बनेगा।





# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**गुवाहाटी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम दौरे के दूसरे दिन रविवार सुबह ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज शिप पर सवार होकर छात्रों से संवाद किया। यह खास संवाद ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसमें असम के विभिन्न जिलों से चुने गए 25 छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री करीब 45 मिनट तक तीन मंजिला क्रूज शिप ह्यएम वी चराइदेव-2ह्न पर छात्रों से बातचीत करते नजर आए। यह कार्यक्रम हाल ही में उद्घाटित गुवाहाटी गेटवे टर्मिनल (इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट) से शुरू हुआ, जहां से पीएम फ्लोटिंग ब्रिज के जरिए क्रूज तक पहुंचे।

**इन जिलों से आए छात्र :** कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र कामरूप मेट्रोपॉलिटन, मोरीगांव, डिब्रूगढ़, कछार, श्रीभूमि, बक्सा, दीमा हसाओ, कोकराझार, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग और नलबाड़ी जिलों से चुने गए हैं। इनमें जवाहर नवोदय विद्यालय, पीएम श्री स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, डॉन बॉस्को संस्थान और निजी स्कूलों के छात्र शामिल हैं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2018 से हर साल आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव से निपटने में मदद करना और पढ़ाई के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान पीएम मोदी छात्रों को बोर्ड और प्रवेश परीक्षाओं को शांत मन से देने, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देते हैं।

**ब्रह्मपुत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** प्रधानमंत्री की यात्रा को देखते हुए ब्रह्मपुत्र नदी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। नदी पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें सुबह से ही गश्त पर रहीं। एहतियातन शनिवार से दो दिनों के लिए फेरी सेवाएं भी स्थगित कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पहले कहा था कि पिछले साल काजीरंगा दौरे के बाद पर्यटन में बढ़ोतरी देखी गई थी और इस बार ब्रह्मपुत्र पर पीएम के क्रूज से नदी पर्यटन को भी नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

**पीएम मोदी ने गुवाहाटी में असम आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुवाहाटी में शहीद स्मारक क्षेत्र पहुंचकर असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आंदोलन बाहरी लोगों के खिलाफ चला था और छह साल तक चला, जिसका समापन 1985 में हुआ। इस स्मारक का उद्घाटन इसी महीने किया गया है।

# महंगा होगा यात्रियों के लिए रेल का सफर

## 26 दिसंबर से बढ़ेगा किराया, रेलवे ने किया ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा एलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा, हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर तक के सफर पर किराया न बढ़ाने का फैसला किया है। दैनिक यात्रियों के हित में उपनगरीय ट्रेनों और मासिक सीजन टिकटों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**215 किलोमीटर तक यात्रा पर कोई बढ़ोतरी नहीं :** रेलवे के अनुसार, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर कोई अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी के यात्रियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे का कहना है कि यह



रेलवे ने बढ़ाया किराया

| श्रेणी | यात्रा की दूरी | किराया बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| साधारण | 0 – 215 किमी | कोई बढ़ोतरी नहीं |
| साधारण | 215 किमी से अधिक | 1 पैसा प्रति किमी |
| मेल/एक्सप्रेस (नॉन एसी) | कोई भी दूरी | 2 पैसे प्रति किमी |
| एसी | कोई भी दूरी | 2 पैसे प्रति किमी |

*26 दिसंबर 2025 से लागू

फैसला आम यात्रियों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

**लंबी दूरी पर कितना बढ़ेगा किराया? :** रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर साधारण श्रेणी में 1 पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर करीब 1000 किलोमीटर की दूरी में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। जबकि संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपये अधिक चुकाने होंगे।

**इन ट्रेनों पर भी लागू होगा किराया :** रेल मंत्रालय के मुताबिक, नया किराया संशोधन राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, महामना, गतिमान, अंत्योदय, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, एसी विस्टाडोम कोच, अनुभूति कोच और साधारण गैर-उपनगरीय सेवाओं जैसी प्रीमियर व विशेष ट्रेन सेवाओं पर भी लागू होगा।

**इस साल ये दूसरी बढ़ोतरी :** भारतीय रेलवे की ओर से ट्रेन टिकट के दाम में ये इस साल की दूसरी बढ़ोतरी की गई है।

इससे पहले जुलाई महीने की पहली तारीख को रेल किराया बढ़ाया गया था। 1 जुलाई से भारतीय रेलवे की ओर से रेल किराये में की गई बढ़ोतरी भी इतनी ही थी। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के किराये में 1 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी, जबकि एसी ट्रेन से यात्रा करने पर 2 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से इजाफा किया गया था।

## यूपी में ताबड़तोड़ एनकाउंटर

# पुलिस-एसटीएफ की गोली से दो बदमाश ढेर




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रविवार की सुबह पुलिस और एसटीएफ ने आतंक का पर्याय बने दो बदमाशों का शिकार किया। एसटीएफ ने एक लाख के इनामी सिराज अहमद को मार गिराया, तो पुलिस ने 50 हजार के इनामी आजाद उर्फ जुबैर उर्फ पीटर के ढेर कर दिया। लोगों को परेशान करना, उनमें दहशत फैलाना इन बदमाशों का मुख्य पेशा बन गया था।

पहला एनकाउंटर बुलंदशहर में हुआ। यहां पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश आजाद उर्फ जुबैर उर्फ पीटर को मारा गया। जबकि, इसका साथी भागने में सफल रहा। हालांकि इस दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारे गए बदमाश पर विभिन्न जिलों में हत्या और लूट जैसे 47 गंभीर मामले दर्ज थे। यह मेरठ जिले के श्यामनगर क्षेत्र के लिसाड़ी गेट का रहने वाला था।

एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मारा गया बदमाश जुबैर उर्फ पीटर शातिर अपराधी था। 2 नवंबर 2025 को कोतवाली देहात क्षेत्र में हुई एक लूट की घटना में यह वांछित चल रहा था। इस पर 50 हजार का इनाम घोषित था। इसका एक साथी फरार हो गया है। उसकी तलाश में पुलिस लगातार कॉम्बिंग कर रही है।

बुलंदशहर में बदमाश के ढेर होने के कुछ देर बाद ही एसटीएफ ने यहां से करीब 200 किमी दूर सहारनपुर में एक लाख के इनामी बदमाश सिराज अहमद को मार गिराया। यह सुल्तानपुर जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के लोलेपुर गांव का रहने वाला था।

बताते चलें कि 6 अगस्त 2023 की शाम सुल्तानपुर दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता आजाद अहमद की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात ने जिले में कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। पुलिस जांच में हत्या का मुख्य आरोपी के रूप में सिराज अहमद का नाम सामने आया था। इसके बाद से पुलिस को इसकी तलाश थी। लेकिन, वह फरार चल रहा था।

**पीड़ितों ने बांटी मिठाई, योगी सरकार का जताया आभार**

पुलिस ने इस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए यूपी एसटीएफ को भी लगाया गया था। लगातार दबिश के बावजूद वह पुलिस की पकड़ से बाहर था। फरारी के दौरान मार्च 2025 में न्यायालय के आदेश पर उसकी करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्तियां कुर्क की गई थीं। इसके बाद भी वह आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था।

सिराज के एनकाउंटर में मारे जााने की खबर मिली तो अधिवक्ता आजाद अहमद के घरवालों की आंखों से आंसू छलक पड़ें। उन्होंने मिठाई बांटी और इस न्याय के लिए सीएम योगी का आभार जताया। मृतक अधिवक्ता के पिता मो. सलीम और भाई मुनव्वर ने कहा कि सीएम पर हमें भरोसा था।

# कोहरे की चपेट में उत्तर भारत, हवाई-रेल सफर पर लगा ब्रेक

## दिल्ली में ही 97 उड़ानें रद्द, ट्रेनें भी चल रही हैं लेट

**नई दिल्ली।** पूरा उत्तर भारत भीषण ठंड की चपेट में है। पहाड़ों से लेकर मैदानों तक शनिवार को सर्द हवाएं कंपकंपी छुड़ाती रहीं। सुबह और रात के समय घने कोहरे के चलते मुश्किलें बढ़ गई हैं। दृश्यता कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात बुरी तरह बाधित रहा। रविवार को केवल दिल्ली में ही 97 उड़ानें रद्द हुईं। वहीं 200 से अधिक फ्लाइट्स अपने तय समय से देरी से चलीं और ट्रेनों की गति पर भी ब्रेक लग गया।

**दिल्ली एयरपोर्ट पर 97 उड़ानें रद्द, 200 से ज्यादा में देरी :** घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण रविवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। इस दौरान कुल 97 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि 200 से अधिक फ्लाइट्स अपने तय समय से देरी से चलीं।अधिकारियों के मुताबिक, रद्द की गई उड़ानों में 48 आगमन और 49 प्रस्थान शामिल हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, देरी से चलने वाली उड़ानों में औसतन 23 मिनट की देरी दर्ज की गई।

हालांकि, दिल्ली एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी डायल ने दोपहर में सोशल मीडिया पर बताया कि एयरपोर्ट पर परिचालन सामान्य रूप से जारी है। बता दें कि आईजीआई एयरपोर्ट देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है, जहां रोजाना करीब 1,300 उड़ानें संचालित होती हैं।

**श्रीनगर एयरपोर्ट पर 11 उड़ानें रद्द :** श्रीनगर में खराब मौसम का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है। घाटी के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश के चलते रविवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 11 उड़ानें रद्द कर दी गईं। एयरपोर्ट



अथॉरिटी ऑफ इंडिया (अअक) के एक अधिकारी ने बताया कि मौसम की खराब स्थिति के कारण आज कुल 11 फ्लाइट्स का संचालन नहीं हो सका। अधिकारियों के अनुसार मौसम में सुधार होने के बाद ही उड़ानों की स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

**बंगलूरू और अमृतसर की उड़ानों पर असर :** इंडिगो एयरलाइन ने जानकारी दी है कि खराब मौसम के चलते बेंगलुरु और अमृतसर में दृश्यता काफी कम हो गई है, जिससे उड़ानों के संचालन पर असर पड़ा है। एयरलाइन ने कहा कि वह लगातार मौसम की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें सुरक्षित तरीके से उनके गंतव्य तक पहुंचाने के प्रयास कर रही है।

**उड़ानें प्रभावित, ट्रनों की थमी रफ्तार :** घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर घने कोहरे और धुंध के कारण शनिवार को रद्द हुई 129 उड़ानों में 63 प्रस्थान और 66 आगमन वाली थीं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय, हवाई अड्डा प्राधिकरण और विभिन्न एयरलाइनों ने मौसम की वर्तमान स्थिति को देखते हुए यात्रियों के लिए सलाह जारी की है और उन्हें अपनी उड़ानों की सही स्थिति की जानकारी लेने के बाद ही घर से निकलने को कहा गया है। वहीं रेल यात्रा भी बाधित रही।

**इंडिगो ने जारी की एडवाइजरी :** इंडिगो ने शनिवार को एक यात्रा एडवाइजरी जारी की। एयरलाइन ने यात्रियों को आगाह किया कि रविवार को दिल्ली और उत्तर भारत के कई हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा रहने की संभावना है, जिससे उड़ानों पर असर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि कम दृश्यता के कारण उड़ानों में देरी या समय-सारिणी में बदलाव हो सकता है।

जारी बयान में इंडिगो ने बताया कि उसकी ऑपरेशन टीमें पूरी तरह सतर्क रहेंगी और मौसम की स्थिति पर हर मिनट नजर रखी जाएगी, ताकि यात्रियों को होने वाली असुविधा कम से कम हो। मौसमी कारणों से होने वाली दिक्कतों को स्वीकार करते हुए एयरलाइन ने यात्रियों के धैर्य के लिए आभार जताया।

# इश्क चढ़ा परवान...प्रेमी ने की शादीशुदा प्रेमिका के पति की हत्या



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार की आधी रात लोहे की रॉड से पीट-पीटकर युवक की हत्या कर दी गई। करीब 2 बजे उसकी लाश खून से लथपथ सड़क पर पड़ी मिली। लोगों ने देखा तो मौके पर भीड़ लग गई। खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली है।

घटना पारा थाना के हैदर कैनाल नाला पूर्वादिन खेड़ा की है। यहां बी. चंद्रा एकेडमी के पास रहने वाले शिव प्रकाश उर्फ छोटू (45) की हत्या हुई है। मृतक की पत्नी सविता ने रात करीब 2 बजे डायल 112 पर फोन करके घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**बहू और प्रेमी ने मिलकर बेटे को मार डाला :** मृतक के पिता नत्था और भाई शिवदीन ने कहा कि बहू सविता और उसके प्रेमी सतीश गौतम ने मिलकर शिवप्रकाश की हत्या की है।

सविता और सतीश के बीच लंबे समय से प्रेम-संबंध हैं। इसको लेकर अक्सर पति-पत्नी में विवाद होता था। साजिश के तहत बेटे की हत्या की गई है। बचने के लिए पत्नी ने पुलिस को फोन करके पूरा आरोप प्रेमी पर डाल दिया।

# सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजेगा इसरो, 24 दिसंबर को लॉन्च होगा मिशन

**बंगलूरू।** इसरो ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपनी एक साख बनाई है, जिसके चलते दुनिया भर के देश अपने सैटेलाइट अब इसरो से लॉन्च कराते हैं। इसरो अब अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेस मोबाइल के अहम सैटेलाइट को अंतरिक्ष में लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। इसरो अपने आगामी एलवीएम3 एम6 मिशन के जरिए अमेरिकी कंपनी के कम्युनिकेशन सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को 24 दिसंबर को लॉन्च करेगा।



इस ऐतिहासिक मिशन के जरिए अमेरिकी कंपनी अपने अगली पीढ़ी के कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अंतरिक्ष भेजेगा, जिसे दुनिया भर के स्मार्टफोन को सीधे हाई-स्पीड सेलुलर ब्रॉडबैंड देने के लिए डिजाइन किया गया है। पहला और एकमात्र स्पेस-बेस्ड सेलुलर ब्रॉडबैंड नेटवर्क बना रही है, जो सीधे स्मार्टफोन से एक्सेस किया जा सकता है और इसे कमर्शियल और सरकारी दोनों तरह के इस्तेमाल के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'हम लगभग छह अरब मोबाइल सब्सक्राइबर को होने वाली कनेक्टिविटी की कमी को खत्म करने और उन अरबों लोगों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाने के मिशन पर हैं जो अभी भी कनेक्टेड नहीं हैं।'

सितंबर 2024 में पांच सैटेलाइट - ब्लू बर्ड 1-5 लॉन्च किए हैं, जो अमेरिका और कुछ अन्य देशों में लगातार इंटरनेट कवरेज देते हैं। अमेरिकी कंपनी ने अपने नेटवर्क सपोर्ट को बढ़ाने के लिए इसी तरह के सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना बनाई है और दुनिया भर में 50 से ज्यादा मोबाइल ऑपरेटरों के साथ पार्टनरशिप की है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर भारत ने जताई चिंता



**नई दिल्ली।** भारत में बांग्लादेश उच्चायोग के सामने कथित प्रदर्शन को लेकर विदेश मंत्रालय ने स्थिति स्पष्ट की है। मंत्रालय ने बांग्लादेश के कुछ मीडिया संस्थानों पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 20 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर कोई सुरक्षा संकट नहीं पैदा हुआ था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों के जवाब में बताया कि 20 दिसंबर 2025 को करीब 20झ्र25 युवाओं का एक छोटा समूह बांग्लादेश हाई कमीशन के सामने एकत्र हुआ था। ये लोग बांग्लादेश के मयमनसिंह में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे और साथ ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग उठा रहे थे।

रणधीर जायसवाल ने कहा इस दौरान न तो किसी तरह की बैरिकेड तोड़ने की कोशिश हुई और न ही कोई सुरक्षा स्थिति बनी। मौके पर तैनात पुलिस ने कुछ ही मिनटों में समूह को शांतिपूर्वक हटा दिया। इन घटनाओं के दृश्य प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश के कुछ मीडिया में इस घटना को बढ़ा-चढ़ाकर और गलत तरीके से पेश किया गया है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत अपने क्षेत्र में स्थित सभी विदेशी मिशनों और राजनयिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा वियना कन्वेंशन के तहत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत बांग्लादेश में हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। भारतीय अधिकारी बांग्लादेशी प्रशासन के संपर्क में हैं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर अपनी गहरी चिंता भी जता चुके हैं।

# चेतावनी: अगली महामारी का कारण बन सकता है एच5एन1 बर्ड फ्लू

## ताजा अध्ययन : वायरस ने इंसान से इंसान में फैलने की क्षमता हासिल कर ली तो होगा विनाश!

**भारतीय वैज्ञानिकों के ताजा अध्ययन ने चेताया है कि यदि वायरस ने इंसान-से-इंसान में फैलने की क्षमता हासिल कर ली, तो यह अगली वैश्विक महामारी का रूप ले सकता है।**

**नई दिल्ली।** वर्षों से पक्षियों में फैला एच5एन1 बर्ड फ्लू अभी भले ही इंसानों के लिए सीमित खतरा माना जा रहा हो, लेकिन भारतीय वैज्ञानिकों के ताजा अध्ययन ने चेताया है कि यदि वायरस ने इंसान-से-इंसान में फैलने की क्षमता हासिल कर ली, तो यह अगली वैश्विक महामारी का रूप ले सकता है।

शोध के अनुसार समय रहते सख्त निगरानी और तेज सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया से इस संभावित संकट को रोका जा सकता है।

यह वायरस इन्फ्लुएंजा परिवार का है और दक्षिण तथा दक्षिण-पूर्व एशिया में लंबे समय से मौजूद रहा है ।पहली बार 1990 के दशक के अंत में चीन में इसकी पहचान हुई थी और इसके बाद यह कई महाद्वीपों में फैल चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार साल 2003 से अगस्त 2025 तक 25 देशों में एच5एन1 के 990 मानव मामले दर्ज किए गए, जिनमें



475 लोगों की मौत हुई। लगभग 48 प्रतिशत की यह मृत्यु दर इसे अन्य कई संक्रामक रोगों की तुलना में कहीं अधिक घातक बनाती है। अमेरिका में भी स्थिति ने विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है। वहां 18 राज्यों में 1,000 से अधिक डेयरी फार्म एच5एन1 से प्रभावित हो चुके हैं और करीब 18 करोड़ पक्षी इसकी चपेट में आ चुके हैं।

**वायरस केवल पक्षियों व इन्सानों तक सीमित नहीं :** यह वायरस केवल पक्षियों और इन्सानों तक सीमित नहीं है। भारत में जनवरी के दौरान नागपुर स्थित एक वन्यजीव बचाव केंद्र में तीन बाघों और एक तेंदुए की मौत एच5एन1 संक्रमण से हुई। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि यह वायरस अलग-अलग प्रजातियों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है, जिससे



पारिस्थितिकी तंत्र और सार्वजनिक स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरा बढ़ जाता है।

**कैसे होते हैं इंसानों में लक्षण :** इंसानों में बर्ड फ्लू के लक्षण आमतौर पर गंभीर फ्लू जैसे होते हैं। इनमें तेज बुखार, खांसी, गले में खराश, शरीर में दर्द और अत्यधिक थकान शामिल हैं।

कुछ मामलों में आंखों में सूजन यानी कंजंक्टिवाइटिस भी देखी गई है, जबकि कुछ संक्रमित लोगों में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाई देते।

**भ्रमित करने वाली शुरूआत :** अध्ययन के अनुसार बर्ड फ्लू की शुरूआत बेहद शांत हो सकती है। किसी संक्रमित पक्षी से एक इंसान में संक्रमण फैल सकता है, जो अक्सर किसान, पोल्ट्री बाजार में काम करने वाला व्यक्ति या मुर्गियों को संभालने वाला मजदूर हो सकता है। शुरूआती मामला अपने आप में उतना खतरनाक नहीं होता, लेकिन इसके बाद यदि वायरस इंसान-से-इंसान में फैलने लगे तो स्थिति तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

शोधकताओं ने यह भी रेखांकित किया कि किसी नई बीमारी के शुरूआती चरण में वास्तविक आंकड़े अक्सर अधूरे और बिखरे होते हैं। ऐसे में सिमुलेशन मॉडल यह समझने में मदद करते हैं कि अलग-अलग परिस्थितियों में संक्रमण कैसे फैल सकता है और कौन-से सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय सबसे प्रभावी साबित हो सकते हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। सोमवार 22 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## कुछ तो है कमांडर से विधायक बने संजीव शर्मा में खास

# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने ऐसे ही तो नहीं रखा है उनके सिर पर मुख्य अतिथि का ताज




अटल प्रतिभा-सम्मान समारोह
बृहस्पतिवार, 25 दिसम्बर, 2025 प्रातः 11 बजे
गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
निवेदक :
हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कुछ घटनायें सामान्य दिखती हैं लेकिन उनके संदेश खास होते हैं। राजनीति में कुछ चेहरे ऐसे होते हैं , अगर वो किसी को खास बता दें तो फिर समाज ये स्वीकार कर लेता है कि वो व्यक्ति वास्तव में खास होने की योग्यता रखता है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी राजनीति में उन चेहरों में हैं जिन्होंने अपने आचरण से , अपने शब्दों से राजनीति को गौरवान्वित किया है। उनके राजनीतिक चरित्र की सबसे बड़ी खासियत ये है कि वो ना तो किसी का महिमामंडन करते हैं और ना किसी की बहुत आलोचना करते हैं। उनकी एक ऐसी कार्यशैली है जो राजनीति के नये चेहरों के लिए अपने आप में पाठशाला है। बालेश्वर त्यागी उत्तर प्रदेश के गृह राज्यमंत्री रहे हैं। वो उत्तर प्रदेश के व्यापार कर मंत्री रहे हैं और वो उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री रहे हैं। लेकिन उनकी पहचान एक ऐसे मंत्री के रूप में है जिन्होंने पद पर रहते हुए सरकार से जेब खर्च के लिए एक रूपया भी नहीं लिया। वो अगर किसी के बारे में कुछ कहते हैं तो बहुत नाप तौलकर कहते हैं। नीतिगत विषयों पर खुलकर बात रखते हैं लेकिन व्यक्तिगत आक्षेप से बचने हैं। तारीफ और आलोचना दोनों में ही वो शब्दों को एक संयमित दायरे में रखते हैं। लेकिन जब बालेश्वर त्यागी जैसे धीर गम्भीर राजनीतिक पुरूष अपने स्कूल महर्षि दयानंद विद्यापीठ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विधायक संजीव शर्मा को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित करें तो ये एक बड़ा सम्मान विधायक संजीव शर्मा के लिए है। 25 दिसम्बर को स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म जयंती समारोह है। इस अवसर पर अटल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा हैं। खास बात ये है कि यहां इस सूचि में अन्य किसी विधायक को अध्यक्षता से लेकर दूसरे किसी फ्रेम में इतना प्रेम नहीं मिला है। इस लिस्ट से कैबिनेट मंत्री और स्वतंत्रप्रभार राज्यमंत्री भी बाहर हैं। बहरहाल सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव शर्मा का ही नाम पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी द्वारा चुना जाना शहर विधायक के लिए भी एक उपलब्धि है। कमान्डर की उपाधि से लेकर लोकप्रिय विधायक की उपाधि पाने वाले संजीव शर्मा में कुछ तो खास है। ऐसे ही तो उन्हें पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने चीफ गेस्ट नहीं बनाया है।

## वोटर लिस्ट वाली रेस में समाजवादी साइकिल भी है ट्रैक पर

# SIR के बाद अब सपा का भी पूरा फोकस है फार्म 6 पर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू हुआ और एसआईआर के इस अभियान में केवल भाजपा की अपने कार्यकर्ताओं के साथ मैदान में नहीं है। वोटर लिस्ट वाली इस रेस में समाजवादी साईकिल का भी ट्विस्ट है। यहां इस रेस में साईकिल ने भी ट्रैक पर काम किया है। समाजवादी पार्टी के बीएलए भी क्षेत्र में गये हैं और एसआईआर अभियान पर काम किया है। सबसे बड़ी बात ये है कि समाजवादी पार्टी के जिला एवं महानगर पदाधिकारियों ने बीएलए और बीएलओ के साथ मिलकर काम किया है। फार्म भरे भी गये हैं और फार्म वापस भी लौटे।




अब सपा का फोकस फार्म 6 पर आ गया है। दैनिक करंट क्राइम ने जब वोटर अभियान को लेकर सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन से बात की तो उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगल अलग टीम अलग अलग क्षेत्र में एक्टिव है। उनके क्षेत्र में किस घर से नये वोट बनने हैं, उन्होंने कहा कि हमारा पूरा फोकस फार्म 6 को लेकर है। सपा इस दिशा में काम कर रही है। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि एसआईआर से जुड़ा काम चल रहा है और हम अपने अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को इस अभियान की लगातार जानकारी दे रहे हैं। अब फार्म 6 को लेकर नये घोषणा पत्र के बारे में जानकारी दी गयी है। यह नया प्रपत्र एसआईआर से ही जुड़ा है। क्षेत्र के लोगों को बताया गया है कि अगर मांगी गयी जानकारी 2003 से लिंक नहीं है तो 13 में से कोई भी एक दस्तावेज लगायें। उन्होंने बताया कि ये प्रक्रिया ऑनलाईन होनी है और फार्म 6 के लिए सपा पूरी रणनीति के साथ मैदान में है। समाजवादी पार्टी ने भी फार्म 6 वितरित किये हैं। मतदाताओं के इसकी जानकारी दी। और मतदाताओं को इस बात के लिए जागरूक किया है कि वो वोटर लिस्ट में अपना नाम जरूर दर्ज करायें। अगर किसी भी मतदाता को किसी भी बीएलओ से कोई परेशानी है अथवा उनकी समझ में कोई बात नहीं आ रही है तो वो समाजवादी पार्टी के बीएलए से सम्पर्क करें। अपने बीएलओ से सम्पर्क करें और उनकानाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो गया है इस बात को दस्तावेजी तरीके से कन्फर्म करें। समाजवादी पार्टी की साईकिल वोटर लिस्ट वाले ट्रैक पर दौड़ रही है। एसआईआर पर काम करने के बाद समाजवादी पार्टी अब फार्म 6 वाले वोटों पर फोकस कर रही । उसके नेता जानते हैं कि क्षेत्र में कहां और कितनी वोट बनी हैं।

सभी कार्यकर्ता इस बात में जुट गये हैं। ये जानकारी देते हुए सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा कि हमारा भी फोकस फार्म 6 के जरिये नये वोटों पर है। सपा फार्म 6 क्षेत्र में बांट रहीं है। हमारा पूरा फोकस अपने पीडीए वोटर पर है। उन्होंने कहा कि एसआईआर का पहला चक्र 26 दिसम्बर को पूरा हो रहा है। उसके बाद बीएसओ स्तर पर फार्म 6 का काम शुरू हो जायेगा। हम इस बात का प्रयास कर रहे हैं कि जो मतदाता ऑनलाईन फार्म भरना चाहते हैं उन्हें ऑनलाईन फार्म भरवायें जायें और जो ऑफलाईन भरना चाहते हैं उन्हें ऑफलाईन फार्म भरवायें जायें।

# सपा के पूर्व अध्यक्षों में सबसे ज्यादा एक्टिव रहता है धर्मवीर डबास का चेहरा

## पहले के पूर्व अध्यक्ष दिखाई नहीं देते और वो कर रहे हैं कंधे से कंधा मिलाकर नये अध्यक्षों के साथ काम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में अकसर ये देखा जाता है कि कई चेहरे ऐसे होते हैं जब उनके पास पद होता है तो वो अपने कद को भी बड़ा मानते हैं। लेकिन जब पार्टी उनसे पद लेती है तो वो पार्टी क दफ्तर जाने में भी अपनी हद तय कर लेते हैं। कार्यक्रमों में नजर नहीं आते और पार्टी के दफ्तर का तो रास्ता ही भूल जाते हैं।

लेकिन कई ऐसे होते हैं जो पद रहे या ना रहें वो हमेशा कार्यकर्ता की तरह काम करते हैं। वो पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के लिए भी प्रेरणा बनते हैं कि राजनीति की ऊचांईयां छूने के बाद भी ये लीडर कितने समर्पित हैं। सपा की बात करें तो यहां कई अध्यक्ष ऐसे हैं जिन्होंने सत्ता में साईकिल की भरपूर सवारी की, लेकिन जैसे ही पार्टी सत्ता से बाहर हुई तो इन नेताओं ने भी खुद को काम करने वाली फ्रेम से बाहर कर लिया।

कई ऐसे नेता यहां रहे हैं जो अध्यक्ष बने तो रोजाना समाजवादी पार्टी क दफ्तर पर कुर्सी पर विराजमान दिखाई देते थे। लेकिन वो पूर्व होते ही फिर लापता हो गये देखते देखते वाले सीन में आ जाते हैं। लेकिन यहां पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव धर्मबीर डबास की तारीफ करनी होगी। पार्टी में प्रदेश स्तरीय पद और महानगर अध्यक्ष से पूर्व होने के बाद भी उनके भीतर का समाजवादी जिंदा है।

वो पूर्व होने के बाद भी अभूत पूर्व तरीके से काम कर रहे हैं और ऐसी मिसाल पेश कर रहे हैं जिससे हर समाजवादी को सीख लेने की जरूरत है। कई ऐसे अध्यक्ष हैं जो पद से हटे तो लौटर दफ्तर की तरफ नहीं आये। सत्ता से साईकिल बाहर हुई तो इन अध्यक्षों ने खुद को राजनीति के संघर्ष वाले फ्रेम से ही बाहर कर लिया। मगर इस बात पर सपा का शीर्ष नेतृत्व भी नाज कर सकता है कि उनके पास एक चेहरा समाजवाद का ऐसा है जो आज भी समाजवाद को जिंदाबाद कर रहा है और खुद अध्यक्ष पद पर रहने के बाद भी नये अध्यक्षों के साथ कंधे से कंध मिलाकर काम कर रहा है। ये वास्तव में एक कार्यकर्ता ही कर सकता है और कार्यकर्ता के लिए पार्टी सर्वोपरि होती है।

वो जानता है कि राजनीति में किसी से व्यक्तिगत नाराजगी हो सकती है लेकिन दल को कमजोर करने वाली कोई बात उसकी जुबान पर नहीं आती है। वो किसी प्रकार की नकारात्मक चीजों से दूर रहते हैं। वो आज भी कार्यकर्ताओं के साथ नजर आते हैं। एक ऐसे कार्यकर्ता जो 2012 से पहले भी समाजवाद के फ्रेम में थे और 2025 में भी वो समाजवादी नजर आते हैं। एक तस्वीर ऐसी आयी जो सभी के लिए काबिले दौर है। इस तस्वीर में जब एसआईआर अभियान को लेकर समाजवादी शिकायती पत्र देने गये तो इसमें दोनों अध्यक्ष हैं और सबसे खास बात ये है कि यहां पर पूर्व अध्यक्ष के रूप में धर्मबीर डबार उनके साथ हैं। मानों वो संदेश दे रहे हैं कि समाजवाद का नारा संघर्षों से निकलता है और पार्टी ने हमें बहुत कुछ दियाहै और अब हम पार्टी के लिए लड़ें। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्मान क्या होता है और समाजवाद क्या होता है ये धर्मबीर डबास ने दिखाया है। जब पार्टी संघर्ष वाले मोड पर है जब धर्म बीर डबार जैसे नेता अपनी पार्टी के अध्यक्षों के साथ खड़े हैं और उनके साथ कार्यक्रमों में भी जा रहे हैं। और सपा के कार्यालय पर भी नजर आ रहे हैं। पुराने समाजवादीयों को धर्मबीर डबास के इस जज्बे से सीख लेनी चाहिए।

### अमरपाल शर्मा से लेकर अभिषेक गर्ग का भी है समाजवादी अंदाज

करंट क्राइम। समाजवादियों की बात करें तो यहां कई चेहरे ऐसे हैं जो संघर्ष के दौर में मैदान में डटे हुए हैं। इनमें दो चेहरों की मुख्य रूप से बात हो रही है। और अन्य राजनीतिक पार्टियां इन दो चेहरों पर डोरे डाल चुकी है लेकिन ये दोनों सीना तानकर चल रहे हैं। इनमें पूर्व विधायक अमर पाल शर्मा हैं। अमरपाल शर्मा बागपत से लोकसभा का चुनाव लड़े हैं, उनकी पत्नी मोहिनी शर्मा खोड़ा नगर पालिका की चेयरपर्सन हैं। अमरपाल शर्मा का मजबूत सियासी वजूद है, लेकिन वो समाजवाद पर कायम हैं। अभिषेक गर्ग सपा के उच्च शिक्षित, कुलीन और शालीन नेताओं की गिनती में आते हैं। उनकी राजनीति की ये सबसे बड़ी खूबी है कि वो हमेशा सपाईयों के काम आते हैं। कई ऐसे फैसले कई समझौते हुए हैं जिनमें मध्यस्ता प्रमुख में अभिषेक गर्ग का नाम आता है। ये एक ऐसे चेहरे हैं जो हमेशा समाजवाद के फ्रेम में रहकर काम करते हैं। पार्टी की गाईडलाईन से जरा सा भी ईधर या उधर नहीं जाते हैं। यहां पर अन्य समाजवादियों की बात करें तो विशाल वर्मा का नाम आता है। रैगुलर समाजवादी कार्यकर्ता हैं। हर संघर्ष में साथ रहते हैं। राहुल चौधरी सपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं, आज पद पर नहीं है लेकिन समाजवाद की हर जिंदाबाद में उनकी आवाज भी बुलंद तरीके से सुनाई देती है। एक लम्बे समय के बाद घर वापसी करने वाले दिशांत त्यागी भी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। ये समाजवादियों का पुराना कुनबा है। यहां पर अगर बात करें तो यहां सिकन्दर यादव भी सपा के संघर्ष वाले ट्रैक में शामिल हैं। पुराने समाजवादियों में मधु चौधरी के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता। यहां पुष्पा शर्मा का भी नाम आता है।

## नशे की सौदागर महिलाएं : अंकुर विहार में एल्प्राजोलम के साथ तीन गिरफ्तार



### 360 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना अंकुर विहार पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध नशीला एल्प्राजोलम पाउडर बेचने वाली तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 360 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ बरामद किया है। यह कार्रवाई 21 दिसंबर 2025 को की गई।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे दिल्ली से चोरी-छिपे एल्प्राजोलम पाउडर लाकर उसकी पुड़िया बनाती थीं और राह चलते लोगों को बेचकर मुनाफा कमाती थीं। बरामदगी के आधार पर तीनों के खिलाफ थाना अंकुर विहार में धारा 8/22 ठउ्ढर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



**एल्प्राजोलम जैसे नशीले पदार्थ क्यों हैं खतरनाक?**

- मानसिक संतुलन बिगाड़ता है, डिप्रेशन व हिंसक प्रवृत्ति बढ़ती है
- याददाश्त कमजोर होती है, पढ़ाई और रोजगार पर असर
- लत लगने पर व्यक्ति अपराध की ओर बढ़ता है
- परिवारिक जीवन टूटता है, समाज में असुरक्षा बढ़ती है
- युवाओं का भविष्य और स्वास्थ्य दोनों नष्ट होते हैं

गिरफ्तारी के बाद पुलिस नशे के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था जाट समाज के कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर मुझे नजर आया जाट समाज के बड़े चेहरों का वजूद? मगर यहां पर साहिबाबाद का एक प्रमुख जाट चेहरा नहीं दिख रहा था मौजूद? पार्षद सचिन डागर की गैर मौजूदगी की चर्चायें मौके पर हो रही थीं आम? कहने वाले कह रहे थे उनको आना चाहिए था? क्योंकि साहिबाबाद में रखा है प्रोग्राम? फिर पीछे से आवाज आयी कि हमारा भाई आजकल सामाजिक गतिविधियों में कम ही नजर आ रहा है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नीले से भगवा हुए जाटव जी ने भगवा योद्धा के मन में जगह बना ली है बहुत ही खास? सुना है इसी वजह से उन्हें प्रवास वाला दिया गया है पास? सुना है इस पास को लेकर जब वो गये नदियापार के मंडल वालों के पास? तब यहां के पुराने भगवा चेहरों ने उन्हें कोई भाव नहीं दिया खास? कहने वाले कह रहे थे दिल की बात? बोल रहे थे अब वो लोग हमसे रिपोर्ट लेंगे, जो अभी अभी भगवा हुए हैं साहब? हमसे ये सब नहीं हो रहा है बर्दाश्त?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों कार्यकर्ताओं के लिए मामला चल रहा है जबरदस्त वाला फाईन? दिल्ली में राष्ट्र से लेकर प्रदेश अध्यक्ष मौजूद हैं? इन दोनों से मिलने के लिए योद्धा हो या कमान्डर, या फिर पहलवान? सभी दिला रहे हैं अपने समर्थकों को इनसे मिलने का टाईम? इन सबके बीच नदियापार के मैम्बर राघव भईया की उठी है आवाज? उन्होंने कहा है कि हम ना पहलवान के खेमे के हैं, ना योद्धा की टीम के हैं , ना सांसद कमान्डर और ना ही हैवी वेट वालों से हैं रिश्ते हमारे साहब? आखिर हम जैसा कार्यकर्ता कहां जाये? कौन करायेगा हमारी इन दोनों से मुलाकात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल कौन -कौन दिल्ली जाकर प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिल रहा है? इस पर हमने बनायी हुई है नजर? जब गये योद्धा कई चेहरों को अपने साथ लेकर? फिर इस मुलाकात के होने के बाद निकला एक जिक्र? कहने वाले ने कहा आपने योद्धा के साथ जाने वाले चेहरों पर दिया होगा ध्यान? वो अपने साथ अधिकतर शहर विधानसभा के चेहरों को लेकर गये थे? आप समझ जाओ, उनका हकीकत में है कहां पर ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही नदियापार के पूर्व पार्षद तेजपाल राणा के विगत महीने हुए बर्थडे का कोई स्थानीय चेहरा नहीं कर रहा हो खुले दिल से जिक्र? मगर हम बता रहे हैं आपको कि सैंकड़ों की संख्या में लगे उस दिन उनके होर्डिंग्स ने लखनऊ लेवल तक करा दी है उनकी फिक्र? हम बैठे थे राजधानी में बड़े चेहरों के बीच? वहां पर उनको लेकर चर्चायें चल रही थीं जोरदार? कहने वाले कह रहे थे कि यूं तो हमने दावेदारी करने वाले कई देखें हैं? मगर होर्डिंग की आंधी लाने वाला नहीं देखा हमने ऐसा दावेदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों छाये हुए हैं मिस्टर भगवा कन्डेरा? डाला हुआ है उन्होंने भगवागढ़ के हर बड़े नेता के यहां डेरा? हम उस वक्त हैरान हुए यार? जब हमने देखे उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ दीदार? हमें ये पल लगा बहुत ही खास? मगर हमारा ध्यान एक बात पर और गया? यहां पर उनके साथ नहीं दिखे मिस्टर रूद्र प्रताप? लगता है कन्डेरा ने बदल लिया है राजनीति का स्टाईल? अब वो अपनी मेहनत से अपने लिये ही मजबूत कर रहे हैं राजनीति वाली फाईल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भगवागढ़ के ओबीसी नेता के साथ? उनकी बात मुझ को खूब लगी साहब? वो कह रहे थे कि हमने छोड़ दिया है यहां पर अब सांसद, विधायक और मंत्रियों के पीछे जाना? अब हम भी वहीं पर जाते हैं जहां पर है इन सबका आना जाना? जब वहीं से पूरी होनी है अरदास? तो फिर हम इनके पीछे घूमकर क्यों अपना समय करें खराब? कहने वाले ने कहा कि बहुत ही गुमान दिख रहा है हमें इन ओबीसी चेहरे के शब्दों में? कम से कम इनका नाम तो बताओ आप?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी इन दिनों है क्रांतिकारी धरा पर नजर? यहां पर कई भगवा लीडरों ने चुनाव लड़ने का कर दिया है शुरू जिक्र? मगर हम इस बात पर हैं हैरान? क्रान्तिकारी विधायक और उनके समर्थक अभी तक कैसे खामोश हैं श्रीमान? हमें पता है उनके समर्थक खोल देते हैं किसी ना किसी की हैपिस्टिन फाईल? उड़ा देते एक झटक में कई दावेदारों की स्माईल? हो सकता है ये आंधी से पहले का हो सन्नाटा? इतनी खामोशी से हम हैरान हैं? आखिर क्रान्तिकारी विधायक का समर्थक कहां है इतना रूक पाता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही नदियापार की भगवा मैडम दूसरी मैडम के खिलाफ भर रही हों हुंकार? मगर यहां पर दूसरी मैडम के समर्थकों के कुछ और ही हैं विचार? समर्थकों का यही है संदेश? हम उन चेहरों को जवाब नहीं देते? जो रहे हों भाजपा के खिलाफ? जो हमारे खिलाफ आवाज उठा रहे हैं? उन्हांने कभी निर्दलीय चेहरे को लड़ाया था चुनाव? गिनी थी मतगणना के दौरान उनकी वोट? इसलिए हमें गहरी नहीं लगती है उनकी शब्दों की चोट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम फिर जानना चाहते हैं भगवा टोम क्रूज कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी के जज्बात? हम उनसे पूछना चाहते हैं कि वो कब उतारेंगे पूर्व मैम्बर जाकिर सैफी के बर्थडे का हिसाब? कब तैयार करायेंगे उनके क्षेत्र में विकास की फाईल? कब लायेंगे उनके चेहरे पर स्माईल? हमें पता है टोमक्रूज नहीं रखते हैं किसी का बकाया? इसलिए ये सवाल है यहां पर उठ कर आया?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# संपादकीय

## शोर में दबा प्रदूषण

अ संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया, जिससे दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा अधूरी रह गई। राजनीतिक मतभेदों के कारण करोड़ों लोगों के जीवन पर जहरीली हवा के असर को लेकर कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। इस समस्या से निपटने के लिए पूरे साल की कार्ययोजना और राजनीतिक इच्छा शक्ति की आवश्यकता है।

संसद का शीतकालीन सत्र जिस अंदाज में शुरू हुआ था, खत्म भी उसी तरह हुआ। नारेबाजी और शोर-शराबे की वजह वजह से से कई का चर्चाएं अधूरी रह गई, और दिल्ली-NCR के प्रदूषण पर तो सत्ता पक्ष और विपक्ष में सहमति के बावजूद बात नहीं हो पाई। सहमति तक सीमित । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते प्रदूषण को हेल्थ इमरजेंसी बताते हुए व्यवस्थित बहस की जरूरत बताई थी। विपक्ष के दूसरे नेता भी इससे सहमत थे और सरकार ने भी हामी भरी थी। लेकिन, गुरुवार को जब लोकसभा में चर्चा की बारी आई तो मनरेगा की जगह लेने वाले विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) को लेकर चले हंगामे की वजह से सदन में कामकाज नहीं हो पाया। अब सरकार कह रही है कि वह तो तैयार थी, जबकि कांग्रेस सवाल पूछ रही है कि चर्चा क्यों नहीं हो पाई।

शीत सत्र समाप्त हालात और बिगड़ेंगे। जिस समय सदन में हंगामा हो रहा था, दिल्ली में कई जगह AQI 400 के आसपास था यानी बेहद गंभीर स्थिति। नवंबर से लेकर अभी तक राजधानी के हालात कमोबेश ऐसे ही रहे हैं। पिछले महीने 24 दिनों तक AQI 300 के ऊपर रहा। दिसंबर में स्थिति और खराब हो गई। GRAP-4 लागू होने के बावजूद वायु प्रदूषण का लेवल 350-400 के बीच बना हुआ है।

राजनीति नहीं चाहिए। दिल्ली-NCR का प्रदूषण कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। पार्टी और विचारधारा से अलग, इस इलाके में रहने वाले करोड़ों लोगों के जीवन पर जहरीली हवा एक जैसा असर डाल रही है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर का अनुमान है कि साल 2023 में केवल वायु प्रदूषण की वजह से दिल्ली में 17,200 लोगों को जान गंवानी पड़ी। सड़क हादसों, आपराधिक वारदात या किसी भी दूसरी बीमारी की तुलना में यह आंकड़ा बहुत बड़ा है।

बने पूरे साल का प्लान । वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सार्थक चर्चा के साथ गंभीर उपायों की भी जरूरत है। GRAP समस्या शुरू होने के बाद का कदम है, बचाव का उपाय नहीं। इस समस्या से निपटने के लिए मौसमी के बजाय पूरे साल का एक्शन प्लान चाहिए। स्पष्ट गाइडलाइन, नियमों का सख्ती से पालन, ढउफमें शामिल राज्यों के बीच तालमेल और जागरूकता के बिना यह काम नहीं हो सकता। वायु प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है।

# वैश्विक उथल-पुथल से निवेश की रफ्तार थमी नवंबर में नए निवेशकों की संख्या 11% घटी

**नई दिल्ली।** स्टॉक बाजार में निवेशकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन बीते नवंबर में इसमें गिरावट देखने को मिली है। इसकी वजह वैश्विक बाजारों में जारी उथल-पुथल को माना जा रहा है।

इक्विटी बाजार में नए निवेशकों के दाखिल होने की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की हालिया रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, नए निवेशकों की संख्या में 11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। नवंबर में 13.2 लाख नए निवेशक बाजार में दाखिल हुए।




### बाजार में निवेशक बढ़कर 12 करोड़ के पार

रिपोर्ट के अनुसार, स्टॉक बाजार में कुल निवेशकों की संख्या 12.3 करोड़ है। नवंबर से पहले लगातार दो महीनों में बाजार में निवेशकों की संख्या में ग्रोथ देखी गई थी। एनएसई की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2025 में निवेशकों के स्टॉक बाजार में दाखिल होने में गिरावट रही है। इसकी वजह वैश्विक बाजार में उथल-पुथल को माना जा रहा है, जिसके चलते नए निवेशक बाजार में दाखिल होने से बचे।

फरवरी 20204 में स्टॉक मार्केट में 9 करोड़ निवेशक थे। इसके बाद अगस्त 2024 में ही ये 10 करोड़ और जनवरी 2025 तक 11 करोड़ हो गए। इस दौरान निवेशकों की संख्या में जबदस्त उछाल आया और करीब 5-6 महीने के अंतराल में एक-एक करोड़ निवेशक बाजार से जुड़े। 2025 में इसमें कमी आई और 11 करोड़ से 12 करोड़ निवेशक होने में करीब 9 माह का समय लगा।

एनएसई की रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर 2025 तक उत्तर भारत के निवेशकों की संख्या बाजार में करीब 4.5 करोड़ है।

इसके बाद पश्चिम भारत से 3.6 करोड़, दक्षिण भारत से 2.6 करोड़ और पूर्वी भारत से 1.5 करोड़ निवेशक बाजार में सक्रिय हैं। अच्छी बात ये है कि हर क्षेत्र से निवेशकों की संख्या में लगातार तेजी देखी जा रही है।

# वैश्विक व्यवस्था में बड़ा बदलाव: जयशंकर बोले- दुनिया में अब कई नए शक्ति केंद्र उभर चुके हैं



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में उल्लेखनीय बदलाव आया है तथा दुनिया में शक्ति एवं प्रभाव के कई नए केंद्र उभरे हैं। जयशंकर ने पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड विश्वविद्यालय) के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, कोई भी देश, चाहे वह कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, सभी मुद्दों पर अपनी इच्छा नहीं थोप सकता। उन्होंने कहा, इतना ही नहीं, इसका यह भी मतलब है कि अब देशों के बीच स्वाभाविक प्रतिस्पर्धा है जो अपने आप में एक संतुलन पैदा करती है।

विदेश मंत्री ने कहा, शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं।जयशंकर ने कहा कि शक्ति की अवधारणा के भी कई आयाम हैं- जैसे व्यापार, ऊर्जा, सैन्य क्षमता, संसाधन, प्रौद्योगिकी एवं प्रतिभा और इसी कारण यह बेहद जटिल है। उन्होंने कहा, यह समझना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सर्वव्यापी होने में सक्षम नहीं रहीं।

विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मूल रूप से बदल दिया है। उन्होंने कहा, हमारी जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को यदि प्रौद्योगिकी के साथ कदम मिलाकर चलना है तो उसे व्यापक और आधुनिक विनिर्माण क्षमता विकसित करनी होगी।

# दुर्लभ पृथ्वी खनिजों पर भारत की नजर, संसदीय समिति ने खनन और फंडिंग बढ़ाने की दी सलाह

**नई दिल्ली।** देश-दुनिया में इस समय दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की अहमियत और जरूरत लगातार बढ़ रही है। यही वजह है कि दुर्लभ खनिजों तक सुगम पहुंच एक रणनीतिक ताकत बन गई है और दुनियाभर के देश इस ताकत को पाना चाहते हैं। ऐसे में संसदीय समिति ने सरकार को कुछ सुझाव दिए हैं, जिससे देश में भी इन दुर्लभ खनिजों की उपलब्धता हो सके।



संसदीय समिति ने सरकार को सुझाव दिया है कि देश के भीतर दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के खनन को बढ़ावा देने के लिए खनन कंपनी कम्एछ को फंडिंग बढ़ाई जाए। आईआरईएल एक केंद्रीय कंपनी है, जो परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत आती है। यह देश में एकमात्र कंपनी है, जो देश में दुर्लभ खनिजों को खनन और उनके प्रसंस्करण से जुड़ी है।

### समिति ने अपनी रिपोर्ट में दिए हैं ये सुझाव

कोयला, खनन और स्टील की संसद की स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि सरकार को ऐसी रणनीति बनानी चाहिए, जिससे देश में दुर्लभ खनिजों की पहचान, उनके अन्वेषण और खनन का काम हो सके और आयात पर निर्भरता कम की जा सके। रिपोर्ट में बजट में ही आईआरईएल को फंडिंग देने का प्रावधान करने का भी सुझाव दिया गया है। दुर्लभ खनिज वे तत्व हैं, जो धरती पर बेहद दुर्लभ हैं और अक्षय ऊर्जा उत्पादन, पवन ऊर्जा, हाइब्रिड कार उत्पादन, इलेक्ट्रिक मोटर, सौर ऊर्जा बनाने के लिए बेहद जरूरी होते हैं। संसदीय समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि खनन मंत्रालय को दुर्लभ खनिजों की प्रोसेसिंग की अहम तकनीक के ट्रांसफर के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग बढ़ाना चाहिए।

### इन खनिजों का उत्पादन करती है आईआरईएल

सालाना 6 लाख टन की प्रोसेसिंग क्षमता के साथ, IREL इल्मेनाइट, रूटाइल, ज़िरकॉन, सिलिमेनाइट और गार्नेट जैसे प्रमुख मिनरल्स का उत्पादन करती है। यह ओडिशा के छत्रपुर में एक रेयर अर्थ एक्सट्रैक्शन प्लांट और केरल के अलुवा में एक रेयर अर्थ रिफाइनिंग यूनिट संचालित करती है। IREL फिलहाल अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने, वैल्यू चेन इंडस्ट्रीज को सपोर्ट करने और केरल के कोल्लम में अपने नए प्लांट के जरिए फ&ऊको आगे बढ़ाने पर फोकस कर रही है।

# बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 पर सरकार-सांसद संवाद, विरोध के बीच मंत्री ने किया स्पष्टिकरण

**नई दिल्ली।** बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मसौदा बिजली (संशोधन) विधेयक के प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए संसद सदस्यों की एक समिति के साथ बैठक की। एक सरकारी बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों ने बृहस्पतिवार को यहां हुई बैठक में हिस्सा लिया। मंत्रालय ने आगे कहा कि मंत्री ने मसौदा बिजली (संशोधन) विधेयक, 2025 में विभिन्न प्रस्तावों पर सदस्यों से सलाह लेने के लिए यह बैठक बुलाई थी।



यह सलाह-मशविरा बिजली इंजीनियरों के संगठन ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के विरोध प्रदर्शनों के बीच हुआ, जिसने प्रस्तावित बिजली विधेयक के खिलाफ 23 दिसंबर को प्रदर्शन करने का कार्यक्रम तय किया है। संगठन ने उसी दिन देशव्यापी हड़ताल का भी आह्वान किया है, जिसमें केंद्रीय मजदूर संगठनों और किसानों के संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के साथ मिलकर नए श्रम कानूनों का विरोध किया जाएगा और फसलों के लिए गारंटीशुदा न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग की जाएगी। बयान में कहा गया कि बिजली मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि बिजली (संशोधन) विधेयक का मकसद भारत के बिजली क्षेत्र की विधायी नींव को मजबूत करना है। लाल ने इस बात पर जोर दिया कि विधेयक में ऐसे प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं ताकि लागत के अनुरूप शुल्क अनिवार्य किया जा सके।

मंत्री ने उपस्थित लोगों को साफ किया कि निजीकरण और लागत में बढ़ोतरी या कर्मचारियों पर बुरे असर के बारे में आशंकाओं का कोई आधार नहीं है।

# सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा का नया दौर: मुकेश अंबानी ने बताया नए भारत का भविष्य

**नई दिल्ली।** रिलायंस के मुखिया मुकेश अंबानी ने बताया नए भारत का भविष्य। उन्होंने कहा कि हम दुनिया को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा का रास्ता दिखाएंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने भारत के ऊर्जा भविष्य और 'न्यू इंडिया' की बदलती तस्वीर पर बड़ा बयान दिया है। मुंबई में आयोजित एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने देश में ग्रीन एनर्जी की संभावनाओं और युवाओं की आकांक्षाओं पर खुलकर बात की।



ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति की तैयारी मुकेश अंबानी ने संकेत दिया कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दहलीज पर खड़ा है। सौर ऊर्जा को लेकर पारंपरिक सोच को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा, हम स्थानीय ऊर्जा समस्याओं को सुलझाने के बेहद करीब हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग अब केवल चार घंटे के ईंधन के रूप में नहीं किया जाएगा। हम सौर ऊर्जा का उपयोग उन समस्याओं को हल करने के लिए कर सकते हैं जिनसे भारत लंबे समय से जूझ रहा है।

भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए आरआईएल चेयरमैन ने कहा कि रिलायंस न केवल भारत, बल्कि दुनिया के अधिकांश हिस्सों के लिए एक मिसाल पेश करेगा। उन्होंने कहा, हम रास्ता दिखाएंगे कि कैसे ग्रीन और क्लीन एनर्जी को प्रचुर मात्रा में और किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

मुकेश अंबानी ने अपने पिता और रिलायंस के संस्थापक धीरूभाई अंबानी को याद करते हुए कंपनी के मूल उद्देश्य के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, मेरे पिता, धीरूभाई ने रिलायंस की स्थापना इसी एकमात्र उद्देश्य के साथ की थी कि हमें भारत के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। भारत और भारतीयों को आगे बढ़ना ही होगा। यही रिलायंस का उद्देश्य था।

आज के भारत की बदलती तस्वीर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम एक 'नए भारत' में हैं। अंबानी ने देश की युवा शक्ति पर भरोसा जताते हुए कहा कि यह नया भारत सपने देखने वाले युवाओं भरा हुआ है। आज लाखों सपने भारत में ही हकीकत बन रहे हैं।

# रोचक तथ्यों का करंट



- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया के 100 सबसे अमीर आदमी एक साल में इतना कमा लेते हैं, जिससे दुनिया की गरीबी 4 बार खत्म की जा सकती है।
- हर सेकंड 100 से अधिक आसमानी बिजली धरती पर गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- लगातार किसी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।

# राशिफल

**मेष:** बेकार का तनाव और चिंताएँ जिंदगी का रस निचोड़कर आपको पूरी तरह चूस सकती हैं। भलाई इसी में है कि इन आदतों को छोड़ दें।

**वृष:** आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी हो सकती है। कोई जरूरी काम पूरा होने से आप खुश रहेंगे। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज पढ़ाई लिखाई में तरक्की होगी। आपकी लीडरशिप क्वालिटी आपके करियर को बेहतर बनाने में फायदेमंद साबित होगी।

**कर्क:** अचानक यात्रा करना थकावट भरा साबित होगा। आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। संपत्ति को लेकर विवाद खड़े हो सकते हैं।

**सिंह:** आज किसी काम को पूरा करने में ज्यादा समय लग सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। ज्यादा भागदौड़ से आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

**कन्या:** योग और अध्यात्मिक क्षेत्र के लोगों के लिए दिन बढिया रहेगा। विदेश यात्रा की संभावना रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। आज आप नई योजना बनाएंगे।

**तुला:** इच्छाशक्ति की कमी भावनात्मक और मानसिक परेशानियों में फँसा सकती है। खर्चों में इजाफा होगा, साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी संतुलित कर देगी।

**वृश्चिक:** आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। आप माता-पिता के साथ मंदिर जा सकते हैं। आपको काम से जुड़ी परेशानियां से छुटकारा मिलेगा।

**धनु:** आज आपकी बौद्धिक क्षमताएँ आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी। खुशी पाने के लिए अपने जज्बातों का खुलकर इजहार करें।

**मकर:** जो धुंध चारों तरफ छायी हुई है और प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयाँ हल हो जाएंगी।

**कुंभ:** अगर आप नौकरी में ट्रांसफर के लिये कई दिनों से परेशान हैं, तो आज आपकी परेशानी खत्म हो सकती है। परिवार में खुशी बनी रहेगी।

**मीन:** आज सामाजिक स्तर पर वृद्धि होगी। रुपए-पैसे के मामले में अच्छी स्थिति रहेगी। मेहनत और लगन से काम करेंगे तो सफलता मिल सकती है।

# चुटकुले

पप्पू एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया।
महिला वेटर - सर क्या लेंगे?
पप्पू - आपका नंबर
फिर क्या, खाना भी नहीं मिला और ऊपर से पप्पू की हो गई जोरदार कुटाई।

---

एक अमेरिकी डॉक्टर भारत आया। बस स्टैंड पर किताब देखते ही उसे दिल का दौरा पड़ गया।
20 रुपये की इस किताब का नाम था...
30 दिन में डॉक्टर कैसे बने।

---

डाकू - हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
बंटू - कोई बात नहीं, आपलोग शरीफ आदमी लगते हो,
आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## पाकिस्तान ने रोका भारत का विजयी अभियान

# फाइनल में हराकर जीता अंडर-19 एशिया कप का खिताब




**दुबई।** पाकिस्तान ने भारत को हराकर दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। भारत ने पूरे टूनार्मेंट में दमदार प्रदर्शन किया था, लेकिन फाइनल में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा।

समीर मिन्हास की शतकीय पारी के बाद अली रजा की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने भारत को फाइनल में 191 रनों से हराकर अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया।

फरहान यूसफ की अगुआई वाली टीम ने समीर मिन्हास (172) की शतकीय और अहमद हुसैन (56) की अर्धशतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट पर 347 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 26.2 ओवर में 156 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

# ऑस्ट्रेलिया ने बरकरार रखी एशेज ट्रॉफी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में 82 रनों से हराकर एशेज सीरीज अपने नाम कर ली। मेजबान टीम पांच मैचों की इस सीरीज में अब 3-0 से आगे है।

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में 82 रनों से हराकर एशेज सीरीज अपने नाम कर ली। मेजबान टीम पांच मैचों की इस सीरीज में अब 3-0 से आगे है। एडिलेड में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में एलेक्स कैरी के शतक और उस्मान ख्वाजा के अर्धशतक की मदद से 371 रन बनाए जिसके जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए। इससे ऑस्ट्रेलिया को 85 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रेविस हेड की 170 रनों की शानदार पारी के दम पर 349 रन बनाए और 434 रनों की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रनों का लक्ष्य मिला। पांचवें दिन इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में 352 रनों पर ऑलआउट हो गई और लगातार तीसरा मुकाबला हार गई।



### सिर्फ 11 दिनों में जीती सीरीज

ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित करते हुए इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में हराकर सीरीज पर कब्जा जमा लिया। पांच मैचों की इस प्रतिष्ठित सीरीज में कंगारू टीम अब 3-0 की अजेय बढ़त बना चुकी है। सीरीज नाम करने के लिए उन्हें सिर्फ 11 दिन लगे। एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत की कहानी मजबूत बल्लेबाजी और दबाव में बेहतर फैसलों से लिखी गई। पहली पारी में एलेक्स कैरी के शानदार शतक और उस्मान ख्वाजा की संयमित अर्धशतकीय पारी ने टीम को 371 रनों तक पहुंचाया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 286 रनों पर सिमट गई, जिससे ऑस्ट्रेलिया को अहम बढ़त मिल गई। दूसरी पारी में ट्रेविस हेड ने इंग्लिश गेंदबाजों की एक न चलने दी। उनकी 170 रनों की आक्रामक लेकिन नियंत्रित पारी ने मैच को इंग्लैंड की पहुंच से बाहर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने कुल मिलाकर 434 रनों की बढ़त हासिल की और इंग्लैंड के सामने 435 रनों का विशाल लक्ष्य रख दिया।

### ऑस्ट्रेलिया की घर में चौथी एशेज सीरीज जीत

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में हराकर चौथी बार घर में एशेज सीरीज अपने नाम कर ली। मेजबान टीम पांच मैचों की इस सीरीज में अब 3-0 से आगे है। एडिलेड में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में एलेक्स कैरी के शतक और उस्मान ख्वाजा के अर्धशतक की मदद से 371 रन बनाए जिसके जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए। इससे ऑस्ट्रेलिया को 85 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रेविस हेड की 170 रनों की शानदार पारी के दम पर 349 रन बनाए और 434 रनों की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रनों का लक्ष्य मिला। पांचवें दिन इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में 352 रनों पर ऑलआउट हो गई और लगातार तीसरा मुकाबला हार गई।

### बैजबॉल पर भारी पड़े स्टार्क

पांचवें दिन इंग्लैंड ने कुछ देर तक संघर्ष जरूर दिखाया। जैमी स्मिथ और विल जैक्स की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलियाई खेमे में थोड़ी बेचैनी पैदा की। दोनों ने करीब 50 ओवर तक क्रीज पर टिककर दिखाया कि इंग्लैंड हार मानने नहीं आया है। लेकिन यहीं पर बैजबॉल की पुरानी बीमारी एक बार फिर सामने आ गई। नई गेंद से मिचेल स्टार्क पर अनावश्यक आक्रमण करने की कोशिश में स्मिथ का विकेट गिरते ही इंग्लैंड की उम्मीदें भी टूट गईं। इसके बाद जब टीम सात विकेट खो चुकी थी और क्रीज पर कोई स्पेशलिस्ट बल्लेबाज नहीं बचा, तो नतीजा तय लगने लगा। इंग्लैंड की दूसरी पारी 352 रनों पर खत्म हो गई और एशेज भी उनके हाथ से फिसल गई।

## तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 82 रन से हराया, 3-0 से आगे

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी दबाव में और निखर कर सामने आए। एलेक्स कैरी ने विकेट के पीछे के साथ-साथ बल्ले से भी मैच जिताऊ योगदान दिया। पैट कमिंस की वापसी ने गेंदबाजी आक्रमण को धार दी, जबकि नाथन लायन ने चोटिल होने से पहले अहम विकेट झटके। उनकी गैरमौजूदगी में मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने जिम्मेदारी बखूबी निभाई।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे का धमाका




**डेवोन कॉनवे एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए।**

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के ओपनर बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने माउंट माउंगानुई टेस्ट में इतिहास रच दिया है। वह एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। तीसरे और अंतिम टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ कॉनवे ने पहली पारी में शानदार 227 रन बनाए थे। इसके बाद दूसरी पारी में भी उन्होंने शतक जड़ते हुए यह अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने यह उपलब्धि चौथे दिन चायकाल से ठीक पहले एंडरसन फिलिप की गेंद पर कट शॉट लगाकर हासिल की। इस उपलब्धि के साथ 34 वर्षीय कॉनवे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा करने वाले दुनिया के केवल 10वें खिलाड़ी बने। इस खास सूची में ब्रायन लारा, ग्राहम गूच, कुमार संगकारा, मार्नस लाबुशेन और शुभमन गिल जैसे दिग्गज शामिल हैं। यह कॉनवे का टेस्ट करियर का सातवां शतक भी रहा।

### एक टेस्ट में दोहरा शतक और शतक लगाने वाले बल्लेबाज

| खिलाड़ी | टीम | विपक्षी टीम | साल |
|---|---|---|---|
| डग वॉल्टर्स | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज | 1969 |
| सुनील गावस्कर | भारत | वेस्टइंडीज | 1971 |
| लॉरेंस रो | वेस्ट इंडीज | न्यूजीलैंड | 1972 |
| ग्रेग चैपल | ऑस्ट्रेलिया | न्यूजीलैंड | 1974 |
| ग्राहम गूच | इंग्लैंड | भारत | 1990 |
| ब्रायन लारा | वेस्ट इंडीज | श्रीलंका | 2001 |
| कुमार संगकारा | श्रीलंका | बांग्लादेश | 2014 |
| मार्नस लाबुशेन | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज | 2022 |
| शुभमन गिल | भारत | इंग्लैंड | 2025 |
| डेवोन कॉनवे | न्यूजीलैंड | वेस्टइंडीज | 2025 |

### लैथम-कॉनवे की जोड़ी ने रचा इतिहास

कॉनवे के साथ टॉम लैथम ने भी शानदार बल्लेबाजी की। दोनों ने दूसरी पारी में 192 रनों की ओपनिंग साझेदारी की और शतक जमाए।

इससे पहले पहली पारी में भी दोनों ने 323 रनों की विशाल साझेदारी की थी। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में ऐसी पहली ओपनिंग जोड़ी बन गई जिसने एक ही मैच में दो-दो शतक लगाए। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 306/2 पर घोषित की और वेस्टइंडीज को जीत के लिए 462 रनों का कठिन लक्ष्य दिया।

केन विलियमसन और रचिन रविंद्र के बीच मात्र 37 गेंदों में 72 रनों की तेज साझेदारी ने भी टीम की बढ़त को और मजबूत किया।

### मैच की स्थिति

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 575/8 घोषित किए थे, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज 420 रन ही बना सकी। दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज बिना विकेट गंवाए 43 रन तक पहुंच चुकी है, लेकिन उसे जीत के लिए अभी भी 419 रनों की जरूरत है। फिलहाल तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड 1-0 से आगे है। पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था, जबकि दूसरा टेस्ट न्यूजीलैंड ने नौ विकेट से जीता था। यह मुकाबला आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भी काफी अहम है।

# रोमांचक सेमीफाइनल में उलटफेर, चीनी जोड़ी से हारे सात्विक-चिराग; भारत का अभियान समाप्त

**नई दिल्ली।** सात्विक और चिराग ने ग्रुप चरण में इसी चीनी जोड़ी को हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने अहम मौकों पर बेहतर खेल दिखाते हुए मैच पलट दिया। इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट के ग्रुप चरण में भारतीय जोड़ी को कोई हार नहीं मिली थी, लेकिन सेमीफाइनल की हार के कारण वे फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने से चूक गए।

भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मुकाबले की शानदार शुरूआत करते हुए पहला गेम 21-10 से अपने नाम किया, लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सकी। एक घंटे तीन मिनट तक चले इस रोमांचक सेमीफाइनल में उन्हें 21-10, 17-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### ग्रुप चरण की हार का लिया बदला

गौरतलब है कि सात्विक और चिराग ने ग्रुप चरण में इसी चीनी जोड़ी को हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने अहम मौकों पर बेहतर खेल दिखाते हुए मैच पलट दिया। इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट के ग्रुप चरण में भारतीय जोड़ी को कोई हार नहीं मिली थी, लेकिन सेमीफाइनल की हार के कारण वे फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने से चूक गए।,

हालांकि, सात्विक और चिराग ने इस सत्र के अंतिम टूनार्मेंट में सेमीफाइनल तक पहुंचकर इतिहास रचते हुए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का गौरव हासिल किया।

# वनडे विश्वकप की ऐतिहासिक सफलता के बाद टी20 की तैयारी

**विशाखापत्तनम।** वनडे विश्व कप में जीत के बाद भारतीय महिला टीम श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज से टी20 विश्व कप की तैयारियों की शुरूआत करेगी। इस दौरान टीम प्रबंधन अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खास नजर रखेगा।

वनडे विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय महिला टीम रविवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के साथ अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों का औपचारिक आगाज करेगी। इस सीरीज में टीम प्रबंधन का फोकस जहां अनुभवी खिलाड़ियों की लय पर होगा। वहीं, भविष्य को ध्यान में रखते हुए युवा खिलाड़ियों को परखने का भी यह अहम मौका साबित होगी।



**वनडे विश्वकप जीत के बाद भारत की पहली सीरीज**

वनडे विश्व कप की सफलता के बाद यह भारतीय महिला टीम की पहली अंतरराष्ट्रीय सीरीज है और ऐसे में कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई में टीम संतुलन बनाने के साथ-साथ ऐसे युवा चेहरों की तलाश में रहेगी जो आने वाले वर्षों में टीम को मजबूती दे सकें। टीम में स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं, लेकिन चयनकताओं की नजरें युवा बल्लेबाज जी कमलिनी और उभरती बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा के प्रदर्शन पर खास तौर पर टिकी रहेंगी।

**मंधाना और हरमनप्रीत पर रहेंगी नजरें**

17 वर्षीय कमालिनी ने घरेलू क्रिकेट, अंडर-19 विश्व कप और महिला प्रीमियर लीग में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है, जबकि वैष्णवी शर्मा ने अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेकर खुद को साबित किया था। राधा यादव की अनुपस्थिति में वैष्णवी को श्री चरणी के साथ गेंदबाजी आक्रमण संभालने का मौका मिल सकता है। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के प्रदर्शन पर भी सभी की निगाहें होंगी, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर टी20 प्रारूप में अपनी लय दोबारा हासिल करने की कोशिश करेंगी। वहीं, शेफाली वर्मा इस सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर टीम में अपनी जगह और मजबूत करना चाहेंगी। अनुभवी चामरी अटापट्टू की कप्तानी में श्रीलंका की टीम भी अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाने के इरादे से मैदान में उतरेगी। दोनों टीमों के लिए यह सीरीज टी20 विश्व कप से पहले संयोजन परखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अहम मंच साबित होगी।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंकाः** चामरी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका रानावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेवंदी, मल्की मदारा।

# ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत बरकरार, तीसरा एशेज टेस्ट हारकर इंग्लैंड का हाल बुरा; भारत इस स्थान पर

**एडिलेड।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका पर नजर डालें तो ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अब तक खेले छह मुकाबलों में सभी जीते हैं। उनके खाते में 72 अंक हैं और अंक प्रतिशत 100 का हो गया। लगातार तीसरा एशेज टेस्ट हारने के बाद इंग्लैंड का हाल भारत से भी बुरा हो गया है। टीम सातवें पायदान पर पहुंच गई है।

पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने तीसरे टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन एडिलेड में इंग्लैंड के आखिरी चार विकेटों में से तीन विकेट झटककर उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने एशेज ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। साथ ही, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में भी ऑस्ट्रेलिया का दबदबा कायम है। दूसरी ओर, इंग्लैंड की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है।

**अंक तालिका का हाल**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका पर नजर डालें तो ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अब तक खेले छह मुकाबलों में सभी जीते हैं। उनके खाते में 72 अंक हैं और अंक प्रतिशत 100 का हो गया। वहीं, दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका है जिन्होंने हाल ही में भारत को दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 0-2 से हराया था। उनका अंक प्रतिशत 75 है। शीर्ष पांच में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के अलावा श्रीलंका, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमें शामिल हैं।



भारत शीर्ष पांच से बाहर हो चुका है। अब तक खेले नौ मैचों में शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम को सिर्फ चार में जीत मिली है। उनके खाते में 52 अंक हैं और 48.15 का अंक प्रतिशत है। लगातार तीसरा एशेज टेस्ट हारने के बाद इंग्लैंड का हाल भारत से भी बुरा हो गया है। टीम सातवें पायदान पर पहुंच गई है। उनके खाते में 26 अंक हैं और 27.08 का अंक प्रतिशत है। आठवें और नौवें स्थान पर बांग्लादेश और वेस्टइंडीज की टीमें हैं।

**मैच में क्या हुआ?**

इंग्लैंड ने 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 207 रन से आगे बढ़ाई। उसे तब जीत के लिए 228 रन चाहिए थे, जबकि आस्ट्रेलिया को एशेज को बरकरार रखने के लिए चार विकेट की जरूरत थी। इंग्लैंड की टीम हालांकि लंच के बाद 352 रन पर आउट हो गई और इस तरह से उसकी अप्रत्याशित जीत दर्ज करके विश्व रिकार्ड बनाने और एशेज में बने रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ और ब्रिस्बेन में पहले दो टेस्ट मैच आठ विकेट के समान अंतर से जीते थे। इन दोनों मैच में स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की थी और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच में फिर से ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। चौथा टेस्ट मैच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) पर मेलबर्न में शुरू होगा।

# अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में समीर मिन्हास ने रचा इतिहास, 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**दुबई।** मिन्हास ने शुरूआत से ही भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। पहले उन्होंने 29 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, फिर इस पारी को आगे बढ़ाते हुए महज 71 गेंदों में शतक में तब्दील किया।

अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज समीर मिन्हास ने धमाकेदार प्रदर्शन से सभी को हैरत में डाल दिया। भारत के खिलाफ दुबई में खेले जा रहे खिताबी मुकाबले में समीर ने ऐतिहासिक 172 रन की पारी खेली और इतिहास रच दिया। वह फाइनल में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।




फाइनल में चमके समीर मिन्हास

मिन्हास ने शुरूआत से ही भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। पहले उन्होंने 29 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, फिर इस पारी को आगे बढ़ाते हुए महज 71 गेंदों में शतक में तब्दील किया। यह इस टूनार्मेंट में उनका दूसरा शतक है। वह अंडर-19 एशिया कप में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष पर भारत के वैभव सूर्यवंशी हैं। वह 113 गेंदों में 17 चौके और नौ छक्के की मदद से 172 रन बनाकर आउट हुए।

### 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

समीर मिन्हास ने 2012 के फाइनल में सामी असलम (134 रन) द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ा। जैसे ही वे इस आंकड़े से आगे बढ़े, उनकी पारी इतिहास बन गई। इतना ही नहीं, वे अंडर-19 एशिया कप फाइनल में 150 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए। 150 रन के बाद भी मिन्हास का आक्रमण जारी रहा और वे तेजी से दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे थे। हालांकि, भारतीय गेंदबाज दीपेश देवेंद्र की गेंद पर एक मिसहिट के चलते उनका शानदार सफर 172 रन पर खत्म हुआ।

### अंडर-19 एशिया कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

| बल्लेबाज | रन | साल | 100/50 | पारियां |
|---|---|---|---|---|
| समीर मिन्हास (पाकिस्तान) | 471 | 2025 | 2/1 | 5 |
| सामी असलम (पाकिस्तान) | 461 | 2012 | 2/2 | 5 |
| सामी असलम (पाकिस्तान) | 379 | 2013/14 | 2/2 | 5 |
| आशिकुर रहमान (बांग्लादेश) | 378 | 2023/24 | 2/2 | 5 |
| उन्मुक्त चंद (भारत) | 370 | 2012 | 2/0 | 5 |

### सामी असलम से आगे निकले मिन्हास

फाइनल में ऐतिहासिक 172 रन की पारी खेलने के बाद अब मिन्हास ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है।

### अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में सबसे बड़ी पारियां

| खिलाड़ी | टीम | स्कोर | विपक्षी टीम | साल |
|---|---|---|---|---|
| समीर मिन्हास | पाकिस्तान | 172 | भारत | 2025 |
| सामी असलम | पाकिस्तान | 134 | भारत | 2012 |
| आशिकुर रहमान शिबली | बांग्लादेश | 129 | यूएई | 2023 |
| उन्मुक्त चंद | भारत | 121 | पाकिस्तान | 2012 |
| इकराम अली खिल | अफगानिस्तान | 107* | पाकिस्तान | 2017 |

वह अंडर-19 एशिया कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। समीर मिन्हास ने 2025 संस्करण में 471 रन बनाए और पाकिस्तान के ही सामी असलम का 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। सामी असलम ने 2012 के एशिया कप में 461 रन बनाए थे, जो अब तक का सर्वोच्च स्कोर था।


मिन्हास ने महज पांच पारियों में 471 रन बनाए, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

# 10वें टाटा स्टील वर्ल्ड 25के की तैयारियां पूरीं, देश-दुनिया के धावक पहुंचे

**कोलकाता।** विदेशी धावकों की मौजूदगी से भारतीय एथलीटों को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिलेगा। यह प्रतियोगिता दुनिया की पहली वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल 25के रोड रेस है और इस बार इसमें 1.42 लाख अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि रखी गई है।

दुनिया की सबसे तेज 25 किलोमीटर रोड रेसों में शामिल 10वें टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को होने वाली इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय दौड़ में देश और दुनिया के धावक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस ऐतिहासिक संस्करण में 23 हजार से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिससे यह आयोजन भारतीय लंबी दूरी दौड़ के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है।

इस बार भारतीय एलीट के साथ केन्या, इथियोपिया, जापान और यूरोप के चुनिंदा देशों से आए अनुभवी अंतरराष्ट्रीय धावक भी स्टार्ट लाइन पर नजर आएंगे, जिससे रेस की प्रतिस्पर्धा और तेज होने की उम्मीद है। विदेशी धावकों की मौजूदगी से भारतीय एथलीटों को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिलेगा। यह प्रतियोगिता दुनिया की पहली वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल 25के रोड रेस है और इस बार इसमें 1.42 लाख अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि रखी गई है। पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को समान पुरस्कार दिया जाएगा। शीर्ष तीन धावकों को क्रमश 3 लाख, 2.5 लाख और 2 लाख रुपए मिलेंगे, जबकि इवेंट रिकॉर्ड तोड़ने पर 1 लाख रुपए का अतिरिक्त बोनस भी दिया जाएगा। पुरुष वर्ग में भारत के 10,000 मीटर और 5,000 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तथा मौजूदा चैंपियन गुलवीर सिंह एक बार फिर खिताब बचाने उतरेंगे।




# लेफ्टिनेंट अभिमन्यु सिंह कुशवाहा को सेना में ऑफिसर रैंक मिलने पर परिवार ने किया सुन्दरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लेफ्टिनेंट अभिमन्यू सिंह कुशवाला को इंडियन आर्मी में एक अधिकारी के रूप में कमीशन दिये जाने की खुशी में उनके परिवार ने सुन्दरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन कराया। कविनगर स्थित आवास पर आयोजित सुन्दरकांड पाठ और भजन संध्या में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने लेफ्टिनेंट अभिमन्यु सिंह कुशवाहा को उनकी इस स्वर्णिम सफलता पर बधाई और शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर कुशवाहा परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत सतकार करते हुए सभी का का आभार भी व्यक्त किया।

# शीतलहरी में लापरवाही पड़ेगी भारी

## यातायात व परिवहन विभाग के लिए 'क्या करें - क्या न करें' की सख़्त एडवाइजरी जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शीतलहरी की संभावनाओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा शीतलहरी से बचाव को लेकर विभागवार एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी कार्यालय एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विशेष रूप से यातायात और परिवहन विभाग के लिए 'क्या करें - क्या न करें' के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



एडवाइजरी में कोहरे और कम दृश्यता के दौरान दुर्घटनाओं से बचाव पर जोर देते हुए वाहनों को धीमी गति से चलाने, हेडलाइट ऑन रखने, रिफ्लेक्टर व कैट्स-आई दुरुस्त रखने तथा फिसलन वाले मार्गों पर नमक या रेत के छिड़काव के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था, एम्बुलेंस व रिकवरी वैन को तैयार रखने और लगातार संचार बनाए रखने के निर्देश भी शामिल हैं।

ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के लिए ऊनी वस्त्र और गर्म पेय की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। वहीं कोहरे में तेज गति, बिना रिफ्लेक्टर वाले वाहनों के संचालन, अनावश्यक सड़क अवरोध और ड्यूटी पॉइंट छोड़ने पर सख़्त मनाही की गई है।

प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों से अपेक्षा की है कि वे शीतलहरी के दौरान जारी एडवाइजरी का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें, ताकि जनहानि और दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# देवभूमि उत्तराखंड तुलसी निकेतन समिति का गठन किया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** तुलसी निकेतन में उत्तराखंड समाज ने एकत्रित होकर विधिवत देवभूमि उत्तराखंड तुलसी निकेतन समिति का गठन किया गया, उत्तराखंड समाज के सभी मुख्य सैकड़ो निवासी मौजूद रहे। जिसमें सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया-

**अध्यक्ष: बलवंत सिंह रावत**
**उपाध्यक्ष: चंदन सिंह बिष्ट**
**महासचिव: बलवंत सिंह बिष्ट**
**संगठन सचिव: किशन सिंह रावत**
**कोषाध्यक्ष: हेमंत**
**सचिव: रोहित जोशी**
**संरक्षक -डॉक्टर आरबी जोशी**

मुख्य सलाहकार -चंदन सिंह समिति के गठन के उपरांत तुलसी निकेतन आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कुलदीप कसाना एवं आरडब्ल्यूए पदाधिकारीयों द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं देव भूमि उत्तराखंड तुलसी निकेतन समिति के समस्त सदस्यों को हार्दिक बधाई दी गई।

इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा भविष्य में आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर एकजुट होकर कार्य करने पर सहमति व्यक्त की गई।

## इवेंट कंपनी के कर्मचारियों ने 2.1 करोड़ के लाइट-साउंड सिस्टम का गबन किया, गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में एक इवेंट कंपनी के करोड़ों के महंगे लाइट और साउंड सिस्टम का गबन करने वाले कंपनी के ही दो कर्मचारियों को आज थाना फेस-वन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे व निशानदेही पर लगभग 2 करोड़ 10 लाख रुपए का कीमती सामान सहित 3 कैंटर, 1 टाटा इंट्रा सहित अन्य सामान बरामद किया है। एडीसीपी नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की भावना नामक महिला ने थाना फेस-वन में बीते दिनों मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके यहां काम करने वाले दो कर्मचारियों ने करोड़ों रुपए के लाइट और साउंड सिस्टम का गबन किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच-पड़ताल कर रही थाना फेस-1 पुलिस ने आज मैनुअल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से वादिया की कंपनी के वाहनों व कीमती सामानों का गबन (अमानत में ख्यानत) करने वाले 2 अभियुक्त महफूज खान पुत्र मकसूद तथा अखिलेश पुत्र बालचन्द को पक्षी विहार के अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे व निशानदेही से 3 कैंटर, 1 टाटा इंट्रा सहित अन्य कीमती सामान बरामद किया गया है।



# जीडीए पर किसानों ने लगाया दबाव, धमकी और बदसलूकी का आरोप

## हरनंदीपुरम योजना के विरोध में पांच गांवों की पंचायत, मंडलायुक्त से मिलने का ऐलान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्षेत्र के पांच गांवों के किसानों ने रविवार को पंचायत कर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की हरनंदीपुरम योजना का विरोध किया। पंचायत में किसानों ने जीडीए अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि योजना के विरोध को देखते हुए उन पर दबाव बनाया जा रहा है, धमकियां दी जा रही हैं और अभद्र व्यवहार किया गया। किसानों का आरोप है कि 20 दिसंबर 2025 को जैसे ही जीडीए अधिकारियों को पंचायत की जानकारी मिली, वैसे ही किसानों पर कथित रूप से अवैध खनन के आरोप लगाए गए और उन्हें अपने ही खेतों में जाने से रोका गया। किसानों के अनुसार, इस दौरान कुछ अधिकारियों ने किसानों के बच्चों के साथ हाथापाई और बदसलूकी की।



पंचायत में मौजूद किसानों ने आरोप लगाया कि जीडीए के ओएसडी राजीव और तहसीलदार विवेक मिश्रा सहित अन्य कर्मचारियों ने यह कहते हुए धमकाया कि संबंधित भूमि जीडीए की है और बल प्रयोग कर जेल भिजवा दिया जाएगा। किसानों का यह भी कहना है कि कुछ लोगों को जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास किया गया। बाद में गांव के अन्य किसानों के पहुंचने पर आपसी बातचीत के बाद अधिकारी वहां से लौटे।

पंचायत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि किसान किसी भी कीमत पर अपनी बेशकीमती जमीन नहीं देंगे और जीडीए अधिकारियों द्वारा बनाए जा रहे कथित दबाव का संगठित रूप से विरोध किया जाएगा। किसानों ने यह भी ऐलान किया कि वे जल्द ही मंडलायुक्त मेरठ मंडल से मुलाकात कर पूरे मामले और योजना को लेकर अपना पक्ष रखेंगे।

किसान नेता एवं समाजसेवी दक्ष नागर ने आरोप लगाया कि किसानों और उनके बच्चों के साथ किया गया व्यवहार निंदनीय है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी गाजियाबाद और पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद से मिलकर अधिकारियों के कथित आचरण की शिकायत करेगा। वहीं, अमित प्रधान (नंगला मोहनपुर) ने आरोप लगाया कि जब तक संबंधित ओएसडी और तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक किसी भी जीडीए अधिकारी को गांव में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

पंचायत की अध्यक्षता भल्ला चौधरी ने की और संचालन मनंतराम नागर ने किया। पंचायत में अजय चौधरी, कृष्ण पाल चौधरी, पप्पू प्रधान, इंद्रपाल चौधरी, एडवोकेट इंदरपाल, एडवोकेट विजय, के.के. त्यागी, मनोज पाल, राजू चौधरी सहित अनेक लोगों ने अपने विचार रखे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में किसान और युवा मौजूद रहे।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समर कूल चेयरमैन संजीव गुप्ता अपनी धर्मपत्नी रशिम गुप्ता के साथ मां वैष्णो देवी धाम पहुंचे। उनके साथ उनके छोटे भाई राजीव गुप्ता और राजीव गुप्ता की धर्मपत्नी सीमा गुप्ता भी थी। संजीव गुप्ता का यह व्यक्तित्व है कि वह हमेशा से कारोबार के साथ-साथ परिवार और समाज के साथ-साथ धर्म का भी एक संदेश आम जनमानस में देते हैं। एक संदेश की परिवार भी जरूरी है और धार्मिक संस्कार भी जरूरी है परिवार और धार्मिक संस्कारों का यह संगम भारतीय संस्कृति का भी एक खूबसूरत पहलू है। धर्म संस्कार परिवार का एक संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## राजेंद्र नगर में संत निरंकारी मिशन का रक्तदान शिविर, 81 यूनिट रक्त संग्रह

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** ब्रांच राजेंद्र नगर, साहिबाबाद स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मिशन के 81 श्रद्धालु भक्तों ने नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान किया। रक्त संग्रहण के लिए जिला अस्पताल (एमएमजी) के ब्लड बैंक की डॉक्टरों सहित टीम उपस्थित रही।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सुशीला शर्मा (मेजर मोहित शर्मा की माता) ने सहभागिता की और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इसे जनकल्याण के प्रति सच्ची सेवा भावना का प्रतीक बताया।

कार्यक्रम के समापन पर संयोजक इंद्रजीत सिंह अहलूवालिया ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों तथा चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि संत निरंकारी मिशन देशभर में रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और अब तक 1833 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 14,46,883 यूनिट रक्त एकत्र किया जा चुका है। मिशन समाज उत्थान हेतु निरंतर विभिन्न सेवा परियोजनाएं संचालित कर रहा है।





## कविनगर में 'एक आशा, एक विश्वास' दिव्यांग चिकित्सा शिविर आयोजित

### 100 नए व 150 पुराने दिव्यांग रोगियों का हुआ उपचार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चौधरी भवन, कवि नगर, गाजियाबाद के प्रांगण में रविवार को 'एक आशा, एक विश्वास' दिव्यांग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पिछले 11 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है




शिविर का आयोजन सावित्री देवी शेर सिंह चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. विपुल गोयल, डॉ. शरद कु. टॉक, डॉ. रीना सचान, डॉ. दीपांकर, डॉ. ऋतु सचदेवा, डॉ. अरुण अरोड़ा, डॉ. सिद्धांत शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर का मुख्य उद्देश्य जन्म से अविकसित शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब तक उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं अन्य राज्यों के अनेक दिव्यांगजन इससे लाभान्वित हो चुके हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीजे गाजियाबाद सौरभ गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और इस सेवा कार्य को मानवता की मिसाल बताया। उन्होंने भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। शिविर में कुल 100 नए एवं 150 पुराने दिव्यांग रोगियों का उपचार किया गया। अगला शिविर 29 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा।



# साहिबाबाद की सड़कों पर जाम, धूल और गड्ढों का कहर

## भोपुरा से करन गेट तक रोजाना ट्रैफिक ठप, अव्यवस्थित यू-टर्न बने मुसीबत



**गाजियाबाद (साहिबाबाद), करंट क्राइम।** साहिबाबाद क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर अव्यवस्था अब आम नागरिकों के लिए रोजमर्रा की परेशानी बन चुकी है। भोपुरा से करन गेट चौकी तक सुबह-शाम लगने वाला जाम लोगों का समय, सेहत और धैर्य–तीनों छीन रहा है। हैरानी की बात यह है कि लगभग एक किलोमीटर के दायरे में दो-दो पुलिस चौकियों के बावजूद जाम खुलवाने के लिए मौके पर पुलिसकर्मी नदारद रहते हैं। इसी मार्ग पर तेजी से उड़ती धूल हालात को और बदतर बना रही है।

भोपुरा-बोगरा मार्ग पर इंडियन एयर फोर्स परिसर के सामने सड़क पर गहरे गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहन रोज जोखिम उठाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत हो जाए तो हादसों पर अंकुश लग सकता है।

### यू-टर्न बने जाम की जड़

भोपुरा से करन गेट चौकी के बीच करीब 1 किलोमीटर में 8 यू-टर्न बनाए गए हैं। इनमें से अधिकांश पर रॉन्ग साइड ट्रैफिक धड़ल्ले से चलता है, जिससे जाम और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि गाजियाबाद डेवलपमेंट अथॉरिटी और नगर निगम द्वारा बनाए गए कई यू-टर्न व्यावहारिक नहीं हैं।

### नोएडा मॉडल की मांग

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यू-टर्न नोएडा की तर्ज.पर वैज्ञानिक ढंग से बनाए जाएं–जहां संकेतक, स्पीड मैनेजमेंट और रॉन्ग साइड पर सख्ती हो। इससे न केवल जाम घटेगा, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

### धूल-गड्ढों से बेहाल मुख्य मार्ग

- भोपुरा से टीला मोड़ तक सड़क की हालत बेहद खराब है। गहरे गड्ढे और धूल के गुबार से राहगीरों व दुकानदारों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।
- मोहन नगर माता मंदिर से दिलशाद गार्डन तक बने यू-टर्नों पर स्थिति और चिंताजनक है। लगभग हर यू-टर्न पर गड्ढे हैं, धूल उड़ती है और यातायात की रफ्तार थम जाती है।





### नागरिकों की अपेक्षा, लोगों की मांग है कि

- जाम-प्रभावित समय में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित हो,
- गड्ढों की तत्काल मरम्मत और धूल नियंत्रण के उपाय किए जाएं,
- अव्यवस्थित यू-टर्नों का पुन: डिजाइन किया जाए।
- यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाए, तो साहिबाबाद की ये सड़कें आम लोगों की ज़िंदगी और मुश्किल बना देंगी।

# नाबालिगों को भुलाकर मोबाइल चोरी कराने वाले गिरोह का सेक्टर-63 पुलिस ने किया पर्दाफाश



**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में नाबालिग किशोरों को बहला-फुसलाकर उनसे लोगों के घरों व भीड़-भाड़ वाले बाजारों से मोबाइल फोन चोरी कराने वाले वाले एक गिरोह का थाना सेक्टर-63 पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले के 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ ही 4 बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 10 मोबाइल फोन बरामद व अन्य सामान बरामद किया है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि 21 अक्टूबर को एक कंपनी में काम करने वाले शख्स ने थाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज कराया था कि वह अपनी कंपनी से कार्य करके वापस अपने घर चोटपुर कॉलोनी सेक्टर-63 जा रहे थे। जैसे ही वह सब्जी लेने के लिए रास्ते में रूके, उसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर उनकी जेब से उनका मोबाइल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। नळोंने बताया कि उक्त घटना के संबध में थाना सेक्टर-63 पर धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के सफल अनावरण के लिए उच्चाधिकारी के निर्देशन में स्थानीय पुलिस टीम गठित की गयी थी।

उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर-63 पुलिस टीम ने एक गोपनीय सूचना व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से घटना में शामिल 4 अभियुक्तों को जे ब्लाक सेक्टर- 63 के ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार किया गया व 4 बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के कुल 10 मोबाइल फोन बरामद हुए है। एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि चारोंअभियुक्त मिलकर कंपनी व फैक्ट्रियों में काम करने के लिए पैदल आने-जाने वाले वर्करों की जेब से भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल फोन चोरी करते है तथा नाबालिग बच्चों को बहला-फुसलाकर वर्कर व मजदूरों के कमरों व पीजी, घरों और भीड़ भरे बाजारों से मोबाइल फोन चोरी कराकर मोबाइलों को बेच देते हैं उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

# त्यागी ब्राह्मण समाज की वार्षिक बैठक में नई कार्यकारिणी गठित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिद्धार्थ विहार स्थित एक सभागार में रविवार को त्यागी ब्राह्मण समाज की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संजय त्यागी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न पदों के लिए अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया।

▶ **संजय त्यागी सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत**

बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य, अधिवक्ता, व्यवसायी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी, सचिव वरुण त्यागी तथा दिल्ली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक त्यागी को समाज की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट संदीप त्यागी द्वारा किया गया। वरिष्ठ समाजसेवियों एवं अतिथियों ने समाज की एकता, विकास और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार रखे। बैठक का समापन समाजहित में मिलकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# दयाल पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन, सैंकड़ों लोगों ने उठाया लाभ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वास्थ्य सेवा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से दयाल पब्लिक स्कूल, निरंकारी कॉलोनी में एक विशाल नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर रोटरी क्लब नॉर्थ एवं वरदान अस्पताल के विशेष सहयोग से रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

प्रातः 10 बजे से शुरू हुए इस शिविर में विशेषज्ञों की एक अनुभवी टीम ने अपनी सेवाएँ दीं। प्रोजेक्ट संयोजक दयाल सिंह जग्गी ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंप में विशेष रूप से हड्डी रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सकएवं जनरल फिजिशियन मौजूद रहे।

शिविर की मुख्य विशेषता यह रही कि यहाँ न केवल डॉक्टरों ने परामर्श दिया, बल्कि मरीजों की खून की जांच भी पूरी तरह नि:शुल्क की गई। इसके साथ ही, डॉक्टरों द्वारा लिखी गई आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं, जिससे क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिली। कैंप में 284 लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

प्रोजेक्ट संयोजक जग्गी जी ने कहा कि स्कूल और रोटरी क्लब का उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना है। शिविर में भारी संख्या में स्थानीय निवासियों ने पहुँचकर अपना पंजीकरण कराया और विशेषज्ञों से सलाह ली। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन ने वरदान अस्पताल के डॉक्टरों और रोटरी क्लब की टीम का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर डॉ डी आर चायल, डॉ अभिषेक जैन, डॉ राहुल कुकरेजा, डॉ सपना अग्रवाल, डॉ रीति, डॉ पूजा, टीम लीडर विक्रांत सिंह का विशेष सहयोग रहा, जिसमे विशेष रूप से सुमेश गर्ग, रो के डी एस जग्गी, रो अनुपम जैन, रो अमित मित्तल, रो पुनीत अग्रवाल, रो शिशिर अग्रवाल , रो मनोज अग्रवाल , रो अंकुर अग्रवाल, रो रजत जिंदल, रो मनीष वशिष्ठ, रो रवि मोहन, रो राकेश सिंघल, रो डॉ सी देवा राहुल, रो विवेक अग्रवाल, रो वैभव गोयल रो मुकेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# पार्षद विनय चौधरी ने वार्ड 68 के पार्कों में लगवाए डस्टबीन, दिया स्वच्छता का संदेश



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार वार्ड 68 के पार्षद विनय चौधरी ने पार्कों में डस्टबिन रखने का अभियान तेज कर दिया है। पार्षद ने अपने वार्ड नंबर 68 के पार्कों में नए डस्टबिन लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। वॉर्ड में मौजूद सभी पार्कों में दर्जनों डस्टबिन लगाए जाएंगे।

वार्ड नंबर 68 में छोटे-बड़े कुल 42 पार्क हैं। इनमें अक्सर गंदगी की शिकायत रहती है। स्थानीय लोगों ने कई बार मेयर को शिकायत कर पार्कों में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने की बात बताई है। उन्होंने कहा यदि सभी पार्कों में डस्टबिन लग जाएंगी तो सफाई व्यवस्था में सुधार होगा और पार्क में घूमने वाले लोगों को गंदगी का सामना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा नगर निगम के सहयोग से सभी पार्कों मे डस्टबिन लगवाने का प्रयास रहेगा। पार्षद विनय चौधरी ने बताया कि वार्ड के पार्क, सड़क, नाली व नालों पर काम किया जा रहा है। बिजली के जर्जर पोल को बदलने का टेंडर हो गया है। वार्ड में स्ट्रीट लाइट भी पार्कों में लगवाई जा रही है। मेरा प्रयास रहेगा कि वार्ड 68 मे हर तरफ रोशनी रहे।

# 16वें यादव वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन में सैकड़ों रिश्तों की शुरुआत





▶ **डी.पी. यादव ने दहेज रहित विवाह का आह्वान किया, जसवंत यादव ने शिक्षा पर दिया जोर**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यादव वैवाहिक परिचय सम्मेलन समिति द्वारा 21 दिसंबर को अर्थला मोहनगर स्थित वृंदावन ग्रीन फार्म हाउस में 16वां यादव वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में सैकड़ों विवाह योग्य युवक-युवतियों ने भाग लिया और अनेक वैवाहिक रिश्तों की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा 'यादव स्वयंवर' स्मारिका का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में डी.पी. यादव (पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश) ने कहा कि समाज को दहेज रहित विवाह का संकल्प लेना होगा। उन्होंने शिक्षा और रोजगार को समाज की प्रगति का आधार बताया।विशिष्ट अतिथि जसवंत यादव (पूर्व प्रदेश मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय यादव महासभा हरियाणा) ने कहा कि ऐसे सम्मेलन योग्य वर-वधु के चयन के साथ समाज में समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने बेटियों की शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

कार्यक्रम में नरेंद्र कश्यप (राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार) ने समाज को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने की अपील की। कैप्टन सतीश यादव (ओलंपियन, अर्जुन अवार्ड) और धर्मेंद्र सिंह यादव (अर्जुन अवार्ड) ने खेलों को बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बताया। अशोक यादव, भूपसिंह यादव, नाहरसिंह यादव, बिजेंद्र यादव, भारत यादव पूले, सुबोध यादव, करण सिंह यादव, वंदना यादव, जितेंद्र यादव, के.के. यादव, सिकंदर यादव, देवेंद्र यादव सहित अनेक वक्ताओं ने विचार रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कालू यादव एंड पार्टी की रागनी ने विशेष आकर्षण बिखेरा।सम्मेलन के अध्यक्ष रामअवतार यादव ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन रवि यादव (फिल्म अभिनेता/निर्माता,२ मुंबई), सतेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव व श्यामवीर सिंह यादव ने किया।

# मोदीनगर की इंदिरा पुरी कॉलोनी में नाला बनने से कांग्रेस जिला अध्यक्ष का जताया आभार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदीनगर की इंदिरा पुरी कॉलोनी में नाला निर्माण होने से क्षेत्रीय नागरिकों ने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों ने सतीश शर्मा का माला पहनकर उनका स्वागत किया। काफी समय से लोग इंदिरा पुरी के नाला निर्माण की मांग कर रहे थे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष की पहल पर नाला निर्माण का काम पूरा किया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि नाला निर्माण कार्य पूरा होने से जल भराव और गंदे पानी की गंभीर समस्या से निजात मिली है। बरसात के दिनों में गंदा पानी सड़कों और घरों के सामने भर जाता था, जिससे आवागमन बाधित होता था और बीमारियों का खतरा बना रहता था।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार नाला निर्माण की मांग कई वर्षों से की जा रही थी लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के प्रयासों से और प्रशासन से निरंतर संवाद करने के बाद यह निर्माण कार्य संभव हो सका।

नाला बनने से अब जल निकासी सुचारू रूप से हो गई है। जिससे आम लोगों को राहत मिली है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि इंद्रापुरी के नागरिकों की यह समस्या काफी लंबे समय से हमारे संज्ञान में थी। लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा था, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता था। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करती रहेगी। उन्होंने कहा कि विकास का अर्थ सिर्फ योजनाओं की घोषणा नहीं बल्कि उसे धरातल पर उतरना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी क्षेत्र में सड़क नाली सफाई पेयजल एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों के गुणवत्ता बनाए रखने की अपील की है। इस अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कंसल, जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, नीरज प्रजापति, जिला महामंत्री नंदकिशोर शर्मा, तरुण शर्मा, रविंद्र शर्मा, सुरेश दोसा सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। क्षेत्र के नागरिकों में पवन शर्मा, दीपक शर्मा, अंकित शर्मा, मोहित त्यागी, राकेश कुमार, सुभाष चंद्र, सोनू कश्यप, रोहित शर्मा, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में इसी प्रकार विकास कार्य होने की उम्मीद जताई।

# महिला सशक्तिकरण और सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ निकली राइडर म्यूज़िक फेस्टिवल बाइक रैली



**नोएडा।** नोएडा में महिला सशक्तिकरण और सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर आज राइडर म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मकसद लोगों को महिला सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना है।

सेक्टर-108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने राइडर म्यूजिक फेस्टिवल और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का मकसद न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, बल्कि सड़कों पर यातायत व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए जन-जन तक संदेश पहुचाना है। नोएडा की सड़कों पर आज भारी संख्या में बाइकर्स का जत्था मिशन शक्ति का संदेश लेकर निकला।

इस मौके पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने राइडर्स और युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यहां पर राइडर्स के तीन ग्रुप द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण का एक पावरफुल मैसेज देने के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से हम सेफ रोड्स का संदेश भी दे रहे हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप जीरो फर्टिलिटी डिस्ट्रिक्ट का पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। हमारा उद्देश्य है कि हम खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित वातावरण दें। यह बाइक रैली सेक्टर-108 स्थित कमिश्नरेट कार्यालय से शुरू होकर सेक्टर-116 पर जाकर संपन्न हुई। रैली में शामिल राइडर्स ने हाथों में स्लोगन और बैनर लेकर लोगों को महिला सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर जॉइंट पुलिस कमिश्नर राजीव नारायण मिश्रा, डीसीपी ट्रैफिक प्रवीण सिंह, एसीपी प्रवीण कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहें।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान ने किया विश्व मेडिटेशन दिवस पर सेलिब्रेट टुगेदरनेस का भव्य आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व मेडिटेशन दिवस के मौके पर रविवार को ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से विशाल सेलिब्रेट टुगेदरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुड़गांव की निदेशिका राज योगिनी ब्रह्माकुमारी आशा देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भौतिक साधनों की संपन्नता के बावजूद मनुष्य असंतुष्ट, चिंता, भय और अवसाद के साए में जी रहा है। जिस कारण आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है। परिवारों में दांपत्य जीवन में तनाव आ रहा है और तलाक की घटनाएं बढ़ रही है। इसका एकमात्र निदान राज योग ध्यान है। राज योग ध्यान का नियमित अभ्यास करने से मन को सशक्त, बुद्धि को दिव्य और संस्कारों को नया स्वरूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में उच्चरित मन मनाभाव और मामेकम शब्द राज योग को सही रूप से परिभाषित करते हैं। इस मौके पर राज योगिनी सपना दीदी ने सभी को गहन राजयोग ध्यान की अनुभूति कराई। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी राजेश दीदी, सुनीता, विद्या, रंजना, निशा, लवली, रश्मि, यीशु, गुंजन और बीके देवीना उपस्थित रही। वसुंधरा स्थित सिल्वर स्पून में आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद के अलावा नोएडा, दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद आदि शहरों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# संघ लोक सेवा आयोग में आयुष मीणा का चयन हुआ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर-4 ए स्थित मनोकामना अपार्टमेंट के निवासी आयुष मीणा ने अहम उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग सेवा (आई ई एस) परीक्षा में चयन प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से उनके परिवार समेत इलाके में खुशी का माहौल है।



आयुष के पिता सुनील कुमार मीणा ने बताया कि आयुष पिछले दो वर्षों से लगातार यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। पहली बार मैन पेपर में चयन नहीं हो सका, दूसरी बार इंटरव्यू में पीछे रह गए, लेकिन तीसरी बार कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर सफलता मिली हासिल कि है। चयन से पहले आयुष राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी में कार्यरत थे और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। अब वे आईईएस अधिकारी के रूप में लोक सेवा में योगदान देंगे। आयुष का कहना है कि उनका सपना हमेशा देश की सेवा करना रहा है और आईईएस के माध्यम से वे विकास और समाज हित में सक्रिय योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने ऑनलाइन कोचिंग और प्रतिदिन 15-16 घंटे की मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है।




# ठंड में परीक्षार्थियों का सहारा बने नगर निगम के रैन बसेरे

## दूर-दराज से आए विद्यार्थियों ने यहीं की पढ़ाई, व्यवस्थाओं की खुलकर की सराहना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बढ़ती ठंड के बीच गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरे न सिर्फ निराश्रितों बल्कि दूर-दराज से परीक्षा देने आए विद्यार्थियों के लिए भी बड़ा सहारा साबित हो रहे हैं। मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर, बिजनौर सहित कई जिलों से एटफ्र, टीचिंग परीक्षा और कर्मचारी चयन आयोग की दिल्ली कांस्टेबल भर्ती परीक्षा देने आए छात्र-छात्राओं ने नगर निगम के आश्रय स्थलों में रात्रि विश्राम किया और शांत वातावरण में परीक्षा की तैयारी की।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए शहर में 15 स्थायी और 7 अस्थायी रैन बसेरों को व्यवस्थित किया गया है। गाजियाबाद और साहिबाबाद रेलवे स्टेशन, बस अड्डों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर बनाए गए इन आश्रय स्थलों में गर्म बिस्तर, बेड, पेयजल, शौचालय, स्नानघर, प्रकाश व्यवस्था और अलाव की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



### रात भर चलता रहा निरीक्षण




**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। रात्रि में भी जोनल प्रभारी, वरिष्ठ अधिकारी और टीमें आश्रय स्थलों का भ्रमण करती रहीं। विद्यार्थियों ने शौचालय, स्नानघर और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों का आभार जताया।



### विद्यार्थियों ने कहा – 'यह व्यवस्था बड़ी राहत पहुंचाने वाली'

**करंट क्राइम।** आगरा से आई छात्रा बबली कुमारी, फिरोजाबाद से आए छात्र विशाल और ऋषभ ने बताया कि ठंड में नगर निगम के रैन बसेरों में ठहरकर उन्हें न केवल सुरक्षित विश्राम मिला, बल्कि परीक्षा की तैयारी के लिए भी अनुकूल माहौल मिला। उन्होंने नगर निगम का धन्यवाद किया।

बढ़ती ठंड के बीच गाजियाबाद नगर निगम के आश्रय स्थल आज सिर्फ निराश्रितों के लिए ही नहीं, बल्कि परीक्षा देने आए विद्यार्थियों और राहगीरों के लिए भी सुरक्षा, सुविधा और भरोसे का ठिकाना बनते जा रहे हैं। स्वच्छता, व्यवस्था और निगरानी के साथ संचालित ये रैन बसेरे नगर निगम की जिम्मेदार कार्यप्रणाली को दर्शाते हैं।

### स्टेशन से परीक्षा केंद्र तक, आश्रय बना भरोसा

**करंट क्राइम।** विद्यार्थियों की परीक्षाएं एमएमएच कॉलेज, वसुंधरा सेक्टर-13 स्थित कॉलेजों एवं अन्य स्कूलों में आयोजित थीं। ऐसे में रेलवे स्टेशन और बस अड्डे के पास बने नगर निगम के आश्रय स्थल छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक ठिकाना बने। कई विद्यार्थियों ने रात आश्रय स्थल में बिताई और सुबह होने वाली परीक्षा की तैयारी यहीं की। शांत वातावरण और सुव्यवस्थित सुविधाओं को देखकर विद्यार्थियों ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की सराहना की। सुरक्षा की दृष्टि से भी आश्रय स्थलों को संतोषजनक बताया गया।

### शिष्टाचार भेंट



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भाजपा नेता कालू यादव ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान कालू यादव ने रक्षा मंत्री से क्षेत्र की सुरक्षा और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

# इंदिरापुरम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के शिप्रासन सिटी में पंडित त्रिलोकीनाथ पाण्डेय की जयंती के अवसर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने त्रिलोकी नाथ पाण्डेय के योगदान को याद करते हुए बताया कि उन्होंने अयोध्या राम जन्मभूमि विवाद के मुकदमे में ह्वरामलला विराजमानह्व के ह्वसखा के रूप में सत्य, धर्म और न्याय के पक्ष में ऐतिहासिक कानूनी संघर्ष किया।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने निःशुल्क रक्त जाँच और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए इंदिरापुरम के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा चंदर भान शर्मा, सचिन शर्मा, सुनील शर्मा, सतेंद्र भारद्वाज, डी.सी. शर्मा, तरुण शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, सतेंद्र भाटी, पीयूष मिश्रा, गिरीश शर्मा, आशीष शर्मा, हरितोष शर्मा, विजय पाल मलिक, अभिषेक भदौरिया, सुषमा गंगवार, स्वाति चौहान, मनु तिवारी, अतुल त्यागी, सुधीर श्रीवास्तव, सी.पी. बालियान, चंदर चौहान, नरेंद्र सिंह नेगी, अमित आदि लोग उपस्थित रहे।

# अवैध पैठ बाजार के खिलाफ व्यापारियों का धरना प्रशासन की सख्ती से नहीं लग सका बाजार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिछले रविवार की तरह इस बार भी अवैध पैठ बाजार के विरोध में व्यापारियों ने धरना-प्रदर्शन किया, लेकिन इस बार प्रशासन ने एक कदम आगे बढ़ते हुए बाजार को पूरी तरह लगने से रोक दिया। शनिवार से ही मौके पर नाकाबंदी कर दी गई थी और रविवार सुबह नगर निगम व पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के चलते पैठ बाजार नहीं लग सका।

नगर निगम के सिटी जोन प्रभारी आर.पी. सिंह और नगर कोतवाल सचिन कुमार के नेतृत्व में टीम ने सुबह से ही क्षेत्र में निगरानी रखी। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन ने इस बार पहले से तैयारी कर अवैध बाजार को रोकने की ठोस कार्रवाई की।

व्यापारी नेता राजू छाबड़ा ने बताया कि रविवार सुबह गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल का लखनऊ से फोन आया, जिसमें स्पष्ट किया गया कि किसी भी हालत में पैठ बाजार नहीं लगने दिया जाएगा। इसके बाद नगर निगम और प्रशासन की टीम मौके पर डटी रही।

क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि यदि दोपहर के बाद बाजार लगाने की कोशिश हुई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। अरुण मित्तल ने कहा कि यह बाजार अब रिहायशी इलाकों और घरों के बाहर तक फैल चुका है, जिसका संगठित विरोध आवश्यक है।

गंदे नाले क्षेत्र के निवासी हाजी चमन और इमरान रिजवान ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी पीड़ा रखी। उन्होंने बताया कि पैठ बाजार के कारण आम दिनों में भी घर से निकलना मुश्किल हो गया है और रविवार को बच्चे कहीं आ-जा नहीं पाते।

धरने के दौरान पैठ बाजार लगाने वाले कुछ लोगों ने महिला को आगे कर विवाद पैदा करने का प्रयास किया, लेकिन वरिष्ठ व्यापारियों ने स्थिति संभाल ली। सुभाष बजरंगी ने तत्काल प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद महिला पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति शांत कराई गई।

धरने में सुभाष छाबड़ा, मनवीर नागर, अनिल सांवरिया, सुरेश महाजन, संजीव लोहारिया, हरि मेहता, धर्मपाल कुकरेजा, दिनेश सिसोदिया, सुभाष बजरंगी, राजेंद्र तनेजा, पप्पू लाहोरिया, अनुराग गर्ग, सुनील चाचा, उदयवीर लाड़ी, आकाश कटियार, प्रवीण शर्मा, संजीव वाल्मीकि, सचिन हिंदू, नरेश प्रधान, वेद प्रकाश (खादी वाले), बृजेश, पार्षद प्रवीण कुमार कौशिक, विजय कक्कड़, दीपक कक्कड़, दीपक पाल, सुमित गोयल, पवन महाजन, तिलक महाजन, कमल बत्रा, नवल, महेश, अंकुश अरोड़ा, लव पंडित, हिमांशु अरोड़ा, अतुल, पंकज छाबड़ा, संजीव भूषण सुरी, रजत नागपाल सहित चोपला बाजार, दिल्ली गेट, गंज, गुड़ मंडी, अनाज मंडी, गोल मार्केट, सब्जी मंडी, पुरानी मुसाफिर, नवयुग मार्केट के सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।



### प्रशासन की सख्ती

**करंट क्राइम।** शनिवार से ही नाकाबंदी, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त तैनाती। सुबह से निगरानी, किसी भी विक्रेता को पैठ बाजार लगाने की अनुमति नहीं। महापौर स्तर से स्पष्ट निर्देश– 'किसी भी हाल में बाजार न लगे'।

### स्थानीय पीड़ा

- रिहायशी इलाकों तक फैल चुका था अवैध बाजार।
- आवागमन बाधित, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी।
- व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने एकजुट होकर जताया विरोध।

# जाट समाज का 12वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन सफल, 1200 से अधिक पंजीकरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पारिवारिक मिलन जाट समाज (रजि.), गाजियाबाद के तत्वावधान में 12वां जाट समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को साहिबाबाद स्थित गोल्डन कैसल पार्टी लॉन में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के परिवारजन एवं युवक-युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक चले सम्मेलन में युवक-युवतियों का आपसी परिचय, पारिवारिक संवाद तथा सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य दहेज-रहित एवं संस्कारित वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करना रहा।

मुख्य अतिथि कप्तान सिंह (अध्यक्ष, सूरजमल मेमोरियल शिक्षण संस्थान) ने कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज को जोड़ने और युवा पीढ़ी को सही दिशा देने का प्रभावी माध्यम हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे पूर्व महापौर आशु वर्मा ने समाज की एकता और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि एच.पी. परिहार (अध्यक्ष, संयुक्त जाट समाज आरक्षण संघर्ष समिति) ने आयोजन को समाज की प्रगति से जुड़ा बताया। लोनी नगर पालिका की चेयरमैन रंजीता धामा तथा डॉ. सत्यवीर सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक मूल्यों की भूमिका पर अपने विचार रखे।

सम्मेलन के दौरान समाज की विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ साथी स्वर्गीय देवी सिंह समालखा एवं अभिनेता धर्मेंद्र देओल के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संस्था अध्यक्ष अरुण चौधरी 'भुल्लन' ने सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि सीमित समय में लगभग 1200 युवक-युवतियों का पंजीकरण होना पूर्व आयोजनों की निरंतर सफलता को दर्शाता है। सम्मेलन में गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड से भी प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

# एओए के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित शिप्रा नियो सोसाइटी में रविवार को एओए सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। डिप्टी रजिस्ट्रार वैभव कुमार द्वारा चुनाव संपन्न कराने के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में नव निर्वाचित सदस्यों में से अध्यक्ष पताशो देवी, उपाध्यक्ष राकेश मंडोलिया, सचिव रोहित गुप्ता और कोषाध्यक्ष अंजलि हेंब्रोम ने शपथ ली। इस बैठक का उद्देश्य सोसाइटी के लोगों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान पर चर्चा करना रहा। इस मौके पर गुरप्रीत सिंह रम्मी, सुदीप श्रीवास्तव व संजय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में मूक-बधिर पहुंचे मूक बधिर अपने वाहनों पर कान का प्रतीक साइन लगाएंगे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवम्बर माह में राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूक अभियान के अंतर्गत मूक-बधिर के लिया अभियान चलाया गया जिसमें ट्रैफिक पुलिस द्वारा पुराने बस अड्डे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गाजियाबाद बधिर एसोसिएशन के अध्यक्ष पार्षद नीरज गोयल सहित सैकड़ों की संख्या में मूक बधिर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय ऑटो चालक भी उपस्थित रहे। जहां पार्षद नीरज गोयल व पुलिस द्वारा समझा गया कि सभी मूक-बधिर अपने हेलमेट व वाहनों के दोनों तरफ मूक-बधिर का प्रतीक चिह्न लगाएंगे जिस से सड़क पर चलने वाले वाहनों के चालकों को पता चल जाए कि सामने बधिर वाहन चला रहा है उस को हटाने या ओवरटेक करने के लिए हॉर्न का प्रयोग ना करे क्यों कि उस चालक को सुनाई नहीं देगा। तथा सभी बधिर वाहन चालक नियमों का पालन करते हुए नियंत्रित गति से सड़क के किनारे वाहन चलाए जिस से दुर्घटना से बचा जा सकेगा।

### वाहन चलते समय मूक बधिरों का सहयोग करे : नीरज गोयल



इस अवसर पर गाजियाबाद बधिर एसोसिएशन से उप चेयरमैन राजीव कंबोज, उपाध्यक्ष पंकज बंसल, महासचिव प्रदीप कुमार, सदस्य हिमांशु शर्मा दीपक जैन कुलदीप सिंह संजय कुमार सहित सैकड़ो मूकबधिर उपस्थित रहे।

# खोड़ा में गली बनवाने मांग को लेकर पत्र लिखा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा के लोकप्रिय विहार स्थित वैष्णव धाम गोल मंदिर के पास गली की खस्ता हालत से लोग बेहाल है। इससे परेशान होकर लोगों ने रविवार को नाराजगी जाहिर की। लोगों का आरोप है कि कई माह से लगातार शिकायत करने के बाद भी गली को बनवाने का कार्य नहीं किया जा रहा है। खोड़ा गोल मंदिर के पास करीब 100 मीटर की गली में हमेशा गंदगी फैली रहती है। इससे परेशान होकर लोगों ने रविवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान 30 से 40 लोग मौजूद रहे। स्थानीय निवासी लव उपाध्याय ने बताया कि रविवार को प्रदर्शन कर लोगों ने नगर पालिका को पत्र लिखा है। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द गली को बनवाने का कार्य किया जाए।

## शोक संदेश

आपका स्नेहिल सरल व्यवहार, अथक परिश्रम, धार्मिक - रचनात्मक प्रवृत्ति अपनी जिम्मेदारियाँ निःस्वार्थ भावों से जीवन मूल्यों एवं जिंदा दिल व्यक्तित्व हमें हमेशा प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।



22/12/1957 - 18/12/2025

आपको अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिता जी **श्री प्रवीण प्रकाश कर्णवाल (DSP Retd.)** अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर के गुरुवार, दिनांक 18-12-2025 को प्रभु चरणों मे लीन हो गये। अजर अमर आत्मा की परम् शान्ति के लिए

**श्रद्धाँजलि सभा एवं रस्म पगड़ी**

सोमवार, दिनांक 22 दिसंबर 2025 को होनी निश्चित हुई है।
समय दोपहर 03:00 से 04:00 बजे।

स्थान- आपका भवन, कवि नगर, गाजियाबाद

**शोकाकुल परिवार :**

नीलम कर्णवाल (पत्नी)
सुरभि - गोपाल नायक (पुत्री, दामाद)
साक्षी कर्णवाल (पुत्री)
उमा रानी-वेदप्रकाश कर्णवाल एडवोकेट (भाभी, भाई)
ब्रह्मप्रकाश कर्णवाल (भाई)
अनु-रजनीश कर्णवाल (भतीज बहु, भतीजा)
सविता-राजीव कर्णवाल (भतीज बहु, भतीजा)
रितु- अमित कर्णवाल(भतीज बहु, भतीजा)

मोबाइल नंबर : +91-8860-626-222, 921-9511-281

### हथियारों के दम पर कानून को खुली चुनौती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने खुलेआम हथियारों के दम पर कानून को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 20 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 1:45 बजे ओलंपिक तिराहे के पास हुई, जहां साइकिल की दुकान पर बैठे इमरान पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। पुलिस के अनुसार, आपसी रंजिश के चलते साजिद, यासिर, अरफाज, कैफ और एक बाल अपचारी हथियारों के साथ मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए गोलियां चला दीं। गंभीर रूप से घायल इमरान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

घटना के तुरंत बाद मुरादनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया है। मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पूछताछ में सामने आया है कि मृतक और आरोपियों के बीच लंबे समय से रंजिश चल रही थी। पुलिस अन्य आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। यह वारदात स्पष्ट करती है कि अपराधी अब सार्वजनिक स्थानों पर भी हथियारों के सहारे कानून को चुनौती देने से नहीं डर रहे हैं।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# यूएस खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा 'इस्लामी विचारधारा से अमेरिका को खतरा'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अमेरिका को इस्लामी विचारधारा से खतरा है। उन्होंने कहा कि देश में शरिया कानून लागू होने की मांग की जा रही है और मौलवी युवाओं को कट्टरपंथी बना रहे हैं।

अमेरिका में वार्षिक अमेरिका फेस्ट या एमफेस्ट 2025 सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन को अमेरिका की डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस तुलसी गबार्ड ने भी संबोधित किया। अपने संबोधन में तुलसी गबार्ड ने इस्लाम और इस्लामी विचारधारा को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस्लामी विचारधारा अमेरिका के लिए बड़ा खतरा है।



### तुलसी गबार्ड ने कहा- युवाओं को कट्टरपंथी बनाया जा रहा

तुलसी गबार्ड ने अपने संबोधन में कहा, 'इस्लामी विचारधारा के खतरे कई रूपों में हमारे सामने आ रहे हैं। जब क्रिसमस आ रहा है तो जर्मनी में इस्लामी विचारधारा के खतरे के चलते ही क्रिसमस बाजार रद्द किए जा रहे हैं।

मिशिगन, मिनयापोलिस, मिनेसोटा में मौलवी खुलेआम इस इस्लामी विचारधारा को बढ़ावा दे रहे हैं और युवाओं को कट्टरपंथी बना रहे हैं।' तुलसी गबार्ड ने कहा, 'इस साल की शुरूआत में इस्लामिक संगठनों की एक बैठक हुई थी, जिसमें अमेरिका में कई जगहों पर शरिया कानून लागू करने की मांग की गई थी।

ह्यूस्टन जैसी जगह पर ये पहले से ही लागू है। ये हमारी सीमाओं में पहले से ही लागू है। पैटरसन, न्यूजर्सी अपने आप को पहला मुस्लिम शहर बताने में गर्व महसूस करता है। इस्लामी कानूनों को लोगों पर थोपने की कोशिश हो रही है।'

### 'अमेरिका को इस्लामी विचारधारा से गंभीर खतरा'

तुलसी गबार्ड ने कहा कि जब हम इस्लामी विचारधारा के खतरे की बात कर रहे हैं तो बता दें कि इस्लामी विचारधारा में किसी के लिए कोई आजादी नहीं होगी। चार्ली किर्क ने कहा था कि हमारे देश में हर किसी की आजादी एक मूलभूत अधिकार है, क्योंकि ये हमें भगवान से मिली है। हम इस इस्लामी विचारधारा के खतरे को अच्छी तरह से समझते हैं, जो अल्लाह के अलावा किसी और भगवान के अस्तित्व से ही इनकार करते हैं।

# क्या 'सिस्टम' से तल्खी पड़ी इमरान खान को भारी
## पाकिस्तानी आवाम ने खोल दी पाक सेना की पोल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार मामले में 17 साल की सजा मिलने के बाद पड़ोसी मुल्क में सियासी बहस तेज हो गई है। इस फैसले को लेकर आम लोगों और विशेषज्ञों के बीच ह्यसिस्टमह्ल की भूमिका पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में 17-17 साल की सजा सुनाए जाने के बाद देश में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई है। इस फैसले को लेकर जहां कुछ लोग इसे कानून के दायरे में सही ठहरा रहे हैं, वहीं बड़ी संख्या में नागरिक और विश्लेषक इसे राजनीतिक प्रतिशोध से जोड़कर देख रहे हैं।



**'सिस्टम के पसंदीदा होते, तो क्या यही सजा दी जाती'**

लाहौर के वरिष्ठ पत्रकार रहील मौविया का कहना है कि इस सजा के दो अहम पहलू हैं। उनके अनुसार, यदि फैसला केवल तोशाखाना मामले के कानूनी और तथ्यात्मक आधार पर है, तो सजा को जायज कहा जा सकता है। लेकिन अगर यह सजा इमरान खान के सिस्टम से टकराव और हालिया मतभेदों के कारण दी गई है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ और उसके समर्थक यही सवाल उठा रहे हैं कि अगर इमरान खान सिस्टम के पसंदीदा होते, तो क्या यही सजा दी जाती?

**आम जनता में लोकतंत्र को लेकर चिंता:** लाहौर निवासी जकी उल्लाह मुजाहिद ने इस पूरे घटनाक्रम को पाकिस्तान के लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह बताया। उनका कहना है 'इस तरह की कार्रवाइयों ने लोकतंत्र और संस्थाओं पर जनता का भरोसा कमजोर किया है। देश को आगे बढ़ाना है, तो हर संस्था को संविधान और कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा।'

**न्यायपालिका पर उठे गंभीर सवाल:** एक अन्य नागरिक हामिद रियाज डोगर ने न्यायपालिका की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोगों का अब अदालतों के फैसलों पर भरोसा नहीं रहा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 9 मई के मामलों में कई लोगों को बिना मौके पर मौजूद हुए भी 10 साल की सजा दी गई। अब तोशाखाना-2 केस में 17 साल की सजा अदालतें कुछ भी कहें, लेकिन जनता का विश्वास खत्म हो चुका है।

पाकिस्तान के कानून के अनुसार किसी विदेशी राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना में रखना होता है। अगर राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसके लिए उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है। ये उपहार या तो तोशाखाना में जमा रहते हैं या नीलाम किए जा सकते हैं और इसके माध्यम से अर्जित धन को राष्ट्रीय खजाने में जमा किया जाता है। 2018 में सत्ता में आए इमरान खान को आधिकारिक यात्राओं के दौरान करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहार मिले थे।

# अमेरिकी घेराबंदी के चलते वेनेजुएला का व्यापार ठप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की सरकार वेनेजुएला पर दबाव लगातार बढ़ा रही है। इसी के तहत अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के दूसरे व्यापारिक जहाज को जब्त कर लिया है। इससे पहले भी अमेरिका ने वेनेजुएला के एक तेल टैंकर को जब्त किया था।



अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है और अब यह इस कदर बढ़ गया है कि अमेरिका ने वेनेजुएला का पूरा विदेशी व्यापार ही ठप कर दिया है। दरअसल अमेरिका ने वेनेजुएला के दूसरे व्यापारिक जहाज को भी जब्त कर लिया है। इससे पहले भी अमेरिका ने वेनेजुएला के एक तेल टैंकर को भी जब्त कर लिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ाते ही जा रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किया था वेनेजुएला की घेराबंदी का एलान

अमेरिकी अधिकारियों ने इस घटनाक्रम की जानकारी दी। यह कदम ट्रंप के उस एलान के बाद सामने आया है, जिसमें ट्रंप ने वेनेजुएला की घेराबंदी करने और सभी तेल टैंकरों को वेनेजुएला से लाने-ले जाने पर रोक लगाने का एलान किया था। इस एलान के बाद बीती 10 दिसंबर को भी अमेरिकी सुरक्षा बलों ने वेनेजुएला के तट पर उसके एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया था।

# भारतीय वीजा सेवाएं बांग्लादेश के चटगांव में अनिश्चितकाल के लिए बंद, बिगड़े सुरक्षा हालात

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के माहौल के बीच चटगांव स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र ने सभी वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी हैं। यह कदम भारत के सहायक उच्चायोग के पास हुई सुरक्षा घटना के बाद उठाया गया। वीजा केंद्र ने कहा कि हालात की समीक्षा के बाद ही सेवाएं फिर से बहाल होंगी।

बांग्लादेस में जारी हिंसा के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बांग्लादेश के चटगांव स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने तत्काल प्रभाव से सभी वीजा सेवाएं बंद करने की घोषणा की है। यह फैसला शहर में स्थित भारत के सहायक उच्चायोग (एएचसीआई) के पास हुई एक सुरक्षा घटना के बाद लिया गया है। आईवीएसी बांग्लादेश ने बताया कि रविवार से वीजा सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित रहेंगी। मामले में आईवीएसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि स्थानीय हालात की पूरी समीक्षा के बाद ही वीजा सेवाएं दोबारा शुरू करने पर फैसला लिया जाएगा। फिलहाल स्थिति को देखते हुए कोई तारीख तय नहीं की गई है।




बता दें कि वीजा सेवाओं के निलंबन का फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब बांग्लादेश के कई हिस्सों में हिंसक घटनाएं सामने आ रही हैं। रविवार को मयमनसिंह जिले में एक 27 वर्षीय हिंदू युवक दीपु चंद्र दास की हत्या के मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### ढाका में अभी भी तनाव

मामले में तनाव इतना बढ़ गया कि राजधानी ढाका में भी अभी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ढाका यूनिवर्सिटी परिसर में इंकलाब मंच के संयोजक शरीफ उस्मान हादी के जनाजे के बाद उनके समर्थकों ने शाहबाग इलाके की ओर मार्च किया। हादी की कुछ दिन पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी मौत के बाद ढाका में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। रविवार को भी शाहबाग चौराहे पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होकर न्याय की मांग करते नजर आए।

### भीड़ ने किया युवक पर हमला

मामले में आरोप है कि युवक पर कथित आरोपों को लेकर भीड़ ने हमला किया था, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से देशभर में आक्रोश फैल गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने 7 और पुलिस ने 3 आरोपियों को पकड़ा है।

# बंगबंधु शेख मुजीब हॉल का नाम बदला, रखा गया उस्मान हादी हॉल

**ढाका।** छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता लगातार बढ़ती जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राजधानी ढाका सहित कई इलाकों में असंतोष का माहौल है। लोग अभी भी सड़कों पर हैं। इस बीच ढाका यूनिवर्सिटी ने अपने एक हॉल का नाम बदलकर शरीफ उस्मान हादी कर दिया है। इस हॉल का नाम बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नाम पर था। हादी एक युवा नेता थे और जुलाई के विद्रोह में शामिल थे, जिसमें शेख हसीना की सरकार गिर गई थी।

**ढाका यूनिवर्सिटी के बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान हॉल का नाम बदलकर अब 'शहीद शरीफ उस्मान हादी हॉल' कर दिया गया है। जुलाई विद्रोह से जुड़े युवा नेता हादी की मौत के बाद छात्रों ने यह कदम उठाया है।**



बता दें कि सिर में गोली लगने के छह दिन बाद गुरुवार को हदी की मौत हो गई थी। उन्हें 12 दिसंबर को सेंट्रल ढाका में एक चुनावी अभियान के दौरान नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मार दी थी, जिसके बाद सिंगापुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद पूरे बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसक घटनाएं हुईं।

ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, हॉल यूनियन ने शनिवार को मुख्य गेट पर लगी शेख मुजीबुर रहमान के नाम की नेमप्लेट हटाकर उसकी जगह 'शहीद शरीफ उस्मान हादी हॉल' नाम की नेमप्लेट लगा दी।

इसके अलावा कई छात्र हॉल की मुख्य इमारत पर बनी बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की ग्रैफिटी म्यूरल (भित्ति चित्र) पर पेंट करके उसे मिटाने लगे। रिपोर्ट के अनुसार, ढाका यूनिवर्सिटी सेंट्रल स्टूडेंट्स यूनियन (डीयूसीएसयू) के सांस्कृतिक मामलों के सचिव मुसद्दिक इब्न अली मोहम्मद ने घोषणा की थी कि शनिवार रात 9:30 बजे क्रेन की मदद से पुरानी नेमप्लेट हटा दी जाएगी। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, हॉल का नाम मिटाने का काम रात करीब 9:45 बजे शुरू हुआ और रात 11:15 बजे तक ग्रैफिटी पर पेंट करने का काम भी शुरू कर दिया गया।

जब हॉल काउंसिल के नेताओं से ग्रैफिटी और नाम हटाने की अनुमति के बारे में पूछा गया, तो काउंसिल के वीपी मुस्लिमुर रहमान ने मीडिया को बताया, 'छात्रों ने इसे हटाने की मांग की थी, इसलिए हम छात्रों के फैसले के आधार पर ही इसे हटा रहे हैं।'

# दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में गोलीबारी
## शराबखाने में लोगों पर की अंधाधुंध फायरिंग; नौ की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में रविवार को एक बार में बंदूकधारी हमलावरों ने घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की। अब तक मिली जानकारी के अनुसार गोलीबारी में 10 लोगों की मौत होने की आशंका है। वहीं, कई लोगों गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में रविवार को भीषण गोलीकांड की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक जोहानिसबर्ग के पश्चिम में स्थित बेकर्सडाल टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में नौ लोगों के मारे जाने की आशंका हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है।

एसएबीसी न्यूज के अनुसार रविवार को जोहानिसबर्ग में हुई



सामूहिक गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने एक अवैध शराबखाने में घुसकर बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे दहशत और अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पहले इस गोलीबारी में 10 लोगों के मारे जाने की बात कही जा रही थी।

**गोलीबारी पर क्या बोली पुलिस?** पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो गाड़ियों में सवार हमलावरों ने शराबखाने में मौजूद लोगों पर गोलियां चलाईं और घटनास्थल से भागते समय भी अंधाधुंध फायरिंग करते रहे। प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन से कहा कि मृतकों में एक ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर मौजूद था।

**बढ़ सकता है मरने वालों का आंकड़ा:** पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने हमले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी संदिग्ध या मकसद का पता नहीं चल पाया है।

# सऊदी अरब में रहने वाले लोग भी खरीद सकेंगे शराब

**रियाद।** सऊदी अरब में शराब बेचने और खरीदने पर पाबंदी थी, लेकिन अब वहां रहने वाले गैर-मुस्लिम विदेशी लोग शराब खरीद सकते हैं। सऊदी अरब ने चुपचाप अपनी एकमात्र शराब की दुकान तक लोगों की पहुंच बढ़ा दी है, जिससे अमीर विदेशी निवासी शराब खरीद सकते हैं। हालांकि इस फैसले की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन यह बात फैल गई है। इसके साथ ही सऊदी राजधानी रियाद के डिप्लोमैटिक क्वार्टर में इस साधारण, बिना निशान वाली दुकान पर कारों और लोगों की लंबी लाइनें देखी जा सकती हैं।



**1950 के दशक में लगा था शराब पर प्रतिबंध**

यह दुकान जनवरी 2024 में गैर-मुस्लिम राजनयिकों के लिए खोली गई थी। नए नियमों के तहत, गैर-मुस्लिम विदेशी जिनके पास प्रीमियम रेजिडेंसी है, वे शराब खरीद सकते हैं। यह रेजिडेंसी परमिट विशेष कौशल वाले विदेशियों, निवेशकों और उद्यमियों को दिया जाता है। इस्लाम के सबसे पवित्र स्थलों का घर सऊदी अरब, 1950 के दशक की शुरूआत से ही शराब पर प्रतिबंध लगाए हुए है। इस दुकान को शराब की नियंत्रित बिक्री का सावधानीपूर्वक परीक्षण करने के एक तरीके के रूप में देखा जा रहा है।

सऊदी अरब के वास्तविक शासक, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, और उनके पिता, किंग सलमान ने साम्राज्य में एक उदारीकरण नीति अपनाई है, जिसका लक्ष्य देश में पर्यटन को आकर्षित करना, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देना और कच्चे तेल पर आर्थिक निर्भरता को कम करना है। इस्लामी शरिया कानून का पालन करने वाले इस देश में सिनेमाघर खोले गए हैं, महिलाओं को वाहन चलाने की अनुमति दी गई है और बड़े संगीत समारोहों की मेजबानी की है। हालांकि राजनीतिक भाषण और असहमति व्यक्त करना अभी भी सख्त अपराध है, जिसके लिए मृत्युदंड भी दिया जा सकता है।

**दुकान में ये चीजें वर्जित**

यह दुकान आज भी आम जनता के लिए प्रतिबंधित है। बिना किसी नाम या बोर्ड वाली यह दुकान ड्यूटी-फ्री स्टोर जैसी लगती है, जिसका मालिकाना हक आधिकारिक तौर पर गोपनीय रखा गया है। यहां सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं। हर आगंतुक की पात्रता की जांच की जाती है और प्रवेश से पहले उनकी गहन तलाशी ली जाती है। एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए कुछ ग्राहकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि स्टोर में कीमतें काफी अधिक हैं। जहां विदेशी राजनयिकों को इन खरीदारी पर टैक्स से छूट दी गई है, वहीं प्रीमियम रेजिडेंसी धारकों को पूरा भुगतान करना पड़ रहा है। ग्राहकों के अनुसार स्टोर में शराब का स्टॉक तो पर्याप्त है, लेकिन बीयर और वाइन के विकल्प फिलहाल सीमित हैं।

# यूक्रेन युद्ध पर शांति की उम्मीद, यूएस के प्रस्ताव पर रूस बोला- बातचीत सकारात्मक दिशा में

**वॉशिंगटन।** यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका की ओर से पेश शांति योजना पर रूस और अमेरिका के बीच बातचीत जारी है। रूस ने इसे रचनात्मक बताया है। हालांकि यूक्रेन और रूस की मांगों में बड़ा अंतर बना हुआ है। इसी बीच यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को अगले दो साल में 90 अरब यूरो की मदद देने का फैसला किया है।

करीब चार साल से जारी यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशों के बीच अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर रूस और अमेरिका के बीच बातचीत आगे बढ़ती दिख रही है।

रूस ने कहा है कि यूक्रेन को लेकर अमेरिका की ओर से रखी गई शांति योजना पर चर्चा रचनात्मक तरीके से चल रही है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब युद्ध के कारण यूरोप और दुनिया भर में राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता बनी हुई है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक विशेष दूत ने बताया कि अमेरिका के प्रस्तावित शांति प्लान पर बातचीत फ्लोरिडा में जारी है और यह प्रक्रिया आगे भी चलेगी। यह बातचीत ट्रंप प्रशासन की उस कूटनीतिक पहल का हिस्सा है, जिसके जरिए यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले इसी हफ्ते बर्लिन में यूक्रेन और यूरोपीय अधिकारियों के साथ भी बैठकें हुई थीं।



### यूक्रेन की चिंता और अमेरिका की भूमिका

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि आगे बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि रूस के साथ बातचीत के बाद अमेरिका का रुख क्या रहता है। उन्होंने यह बयान ऐसे समय दिया, जब यूक्रेन के मुख्य वातार्कार ने अमेरिका में अमेरिकी और यूरोपीय साझेदारों के साथ अलग-अलग बैठकों को पूरा करने की जानकारी दी। यूक्रेन चाहता है कि किसी भी शांति समझौते में उसकी सुरक्षा और संप्रभुता से समझौता न हो।

### रूस के सख्त रुख से मुश्किलें

हालांकि शांति प्रयासों के बावजूद बातचीत आसान नहीं है। ट्रंप प्रशासन की पहल को मॉस्को और कीव की एक-दूसरे से टकराती मांगों का सामना करना पड़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल के दिनों में संकेत दिए हैं कि वह यूक्रेन पर अपनी अधिकतम शर्तों से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

पुतिन ने साफ कहा है कि यदि यूक्रेन रूस की शर्तों को नहीं मानता, तो रूस अपने सैन्य लक्ष्य हासिल करने में जुटा रहेगा। इस बीच युद्ध के मैदान में भारी नुकसान के बावजूद रूसी सेना धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है।

### यूरोप की तैयारी और आर्थिक मदद

युद्ध के बीच यूरोपीय संघ ने भी बड़ा फैसला लिया है। यूरोपीय संघ के नेताओं ने यूक्रेन की सैन्य और आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले दो वर्षों में 90 अरब यूरो की मदद पर सहमति जताई है। हालांकि बेल्जियम के साथ मतभेदों के कारण जमे हुए रूसी संपत्तियों का इस्तेमाल कर धन जुटाने पर सहमति नहीं बन पाई। इसके चलते यह राशि पूंजी बाजार से उधार लेकर जुटाई जाएगी। यह कदम दिखाता है कि यूक्रेन युद्ध का असर सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है।

### फ्लोरिडा में अमेरिका-रूस की अहम बैठक

रूसी दूत किरिल ने कहा कि शांति वार्ता पहले शुरू हुई थी और शनिवार को भी जारी रही। उन्होंने बताया कि यह बातचीत रविवार को भी आगे बढ़ेगी। किरिल ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर से मुलाकात की। रूस का कहना है कि मौजूदा दौर की चर्चा गंभीर है और इसमें समाधान निकालने की कोशिश हो रही है।